


दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -59 जबलपुर, सोमवार 31 मार्च 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


# हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे, कांग्रेस ने आदिवासियों तक नहीं पहुंचने दिया विकास- पीएम नरेन्द्र मोदी



बिलासपुर.(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ के बिलासपुर पहुंचे. यहां उन्होंने 33 हजार 700 करोड़ के प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया. इस दौरान उन्होंने बिलासपुर में जनसभा को संबोधित किया. लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला. इससे पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत किया. पीएम मोदी ने कहा कि विकास के लिए बजट के साथ-साथ एक नियत भी जरूरी है. अगर कांग्रेस की तरह मन और मस्तिष्क में बेईमानी भरी हो तो बड़े से बड़े खजाने भी खाली हो जाते हैं. यही स्थिति हमने कांग्रेस के शासन के दौरान देखी है. इस कारण आदिवासियों तक विकास नहीं पहुंच पाया. अपने संबोधन में पीएम ने विकास कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि जन-जन तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए वह तेजी से अग्रसर हैं. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के तीन लाख गरीब परिवार अपने नए घर में प्रवेश कर रहे हैं. यहां उन्हें लाभार्थियों से मिलने का मौका मिला. इस दौरान उन्होंने महसूस किया कि नया घर मिलने के बाद गरीब परिवार अपनी खुशी नहीं रोक पा रहे थे.

**मेरा सौभाग्य कि नवरात्रि के पहले दिन मैं यहां पहुंचा-पीएम**

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज पहला नवरात्रि है और छत्तीसगढ़ तो माता महामाया की धरती है. यह माता कौशल्या का मायका भी है. ऐसे में मातृशक्ति को समर्पित ये नौ दिन छत्तीसगढ़ के लिए बहुत विशेष रहते हैं और मेरा सौभाग्य है कि नवरात्रि के पहले दिन ही मैं यहां पहुंचा हूं.

**तस्वीर भी बदल रही और तकदीर भी**

पीएम मोदी ने कहा कि हम आदिवासी समाज के विकास के लिए भी विशेष अभियान चला रहे हैं. हमने आपके लिए धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान शुरु किया है. आदिवासियों में भी अति पिछड़ी आदिवासी जनजातियां होती हैं. पहली बार हमारी सरकार ने ऐसे अति पिछड़े आदिवासियों के लिए पीएम जनमन योजना बनाई है. अब छत्तीसगढ़ की तस्वीर भी बदल रही है और तकदीर भी बदल रही है. छत्तीसगढ़ देश के उन राज्यों में शामिल हो गया है जहां शत प्रतिशत रेल नेटवर्क बिजली से चलने लगा है. पीएम मोदी ने कहा कि थोड़ी देर पहले 33,700 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है. इसमें गरीबों के घर, स्कूल, रोड, रेल, बिजली, गैस की पाइपलाइन ये सारे प्रोजेक्ट्स छत्तीसगढ़ के लोगों को सुविधाएं देने वाली हैं. आप सभी को इस विकास कार्य के लिए बहुत-बहुत बधाई.

**अभनपुर - रायपुर के बीच मेमू ट्रेन सेवा ( व्हाया-मंदिर हसौद ) का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया**

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में 7 रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई और 4 परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया गया, कुल लागत 2,695 करोड़

छत्तीसगढ।(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 7 रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखी और 4 महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया, जिनकी कुल लागत ?2,695 करोड़ है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मोहभट्टा, बिलासपुर स्थित कार्यक्रम स्थल से अभनपुर-रायपुर के बीच मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। ये परियोजनाएं राज्य में रेल परिवहन को और मजबूत करेंगी, जिससे यात्री एवं माल परिवहन को महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा।

**आधारशिला रखी गई 7 रेलवे परियोजनाएं**

1. खरसिया-झाराडीह (पांचवी लाइन) - 6 किमी (लागत ?80 करोड़) 2. सरगबुंदिया-मड़वारानी (तीसरी एवं चौथी लाइन) - 12 किमी (लागत ?168 करोड़) 3. दाधापारा-बिल्हा-दगोरी (चौथी लाइन) - 16 किमी (लागत ?256 करोड़) 4. निपनिया-भाटापारा-हथबंद (चौथी लाइन) - 23 किमी (लागत ?347 करोड़) 5. भिलाई-भिलाई नगर-दुर्ग लिंक केबिन (चौथी लाइन) - 12 किमी (लागत ?233 करोड़) 6. राजनांदगांव-डोंगरगढ़ (चौथी लाइन) - 31 किमी (लागत ?328 करोड़) 7. करगी रोड-सल्का रोड (तीसरी लाइन) - 8 किमी (लागत ?95 करोड़) राष्ट्र को समर्पित की गई रेलवे परियोजनाएं 1. राजनांदगांव-बोरतलाव (तीसरी लाइन) - 48 किमी (लागत ?747 करोड़) 2. नई रेल लाइन - मंदिर हसौद-केन्द्री-अभनपुर - 26 किमी (लागत ?353 करोड़) 3. दुर्ग-रायपुर (ऑटोमैटिक सिग्नलिंग) - 37 रेल किमी (लागत ?88 करोड़) 4. छत्तीसगढ़ राज्य में शत-प्रतिशत रेलवे लाइन का विद्युतीकरण

मेमू ट्रेन सेवा का शुभारंभ

अभनपुर-रायपुर (व्हाया-मंदिर हसौद) मेमू ट्रेन सेवा परियोजनाओं के प्रमुख लाभ नया रायपुर के लिए बेहतर कनेक्टिविटी अभनपुर, रायपुर, और मंदिर हसौद के बीच मेमू ट्रेन सेवा शुरू होने से स्थानीय यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। यह सेवा छत्तीसगढ़ राज्य मंत्रालय और सचिवालय जाने वाले दैनिक यात्रियों के लिए समय और धन की बचत करेगी तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी। यात्रियों के लिए तेज़ और सुविधाजनक यात्रा नई रेलवे लाइनों और अतिरिक्त ट्रैकों के निर्माण से ट्रेन की गति बढ़ेगी,

## मोदी ने पीएम बनने के बाद पहली बार किया आरएसएस मुख्यालय का दौरा, हेडगेवार को दी श्रद्धांजलि



नागपुर.(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह करीब 9 बजे नागपुर पहुंचे हैं. संघ के शताब्दी वर्ष में पीएम मोदी ने संघ मुख्यालय का दौरा किया. प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम मोदी का संघ मुख्यालय का यह पहला दौरा है और इस दौरे को काफी अहम माना जा रहा है. महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने पीएम मोदी के दौरे को लेकर कहा कि उनके नागपुर आगमन से पूरे विदर्भ में उत्साह का माहौल है. 47 स्थानों पर उनके स्वागत की तैयारी की गई है. बता दें कि पीएम मोदी डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर गए और आरएसएस के संस्थापक डॉ. हेडगेवार और माधव सदाशिव गोलवलकर की समाधि पर श्रद्धांजलि की. महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया. प्रधानमंत्री मोदी आरएसएस के स्मृति मंदिर पहुंचे और उन्होंने डॉ. हेडगेवार को श्रद्धांजलि दी. प्रधानमंत्री मोदी ने नागपुर में दीक्षाभूमि का भी दौरा किया. यह वह स्थान है जहां डॉ. बीआर अंबेडकर और उनके अनुयायियों ने बौद्ध धर्म अपनाया था. पीएम मोदी ने महात्मा बुद्ध की भी पूजा की. इस दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी साथ मौजूद रहे.

## एमपी में बवाल-भगवा झंडा हटाने पर हिंदू संगठन का हंगामा, सीएमओ के मुंह पर पोती कालिख

दमोह. (आरएनएस)। दमोह जिले में चैत्र नवरात्रि और रामनवमी के मौके पर घंटाघर पर भगवा झंडे और भगवान श्रीराम के पोस्टर लगाने को लेकर शुरू हुआ विवाद बढ़ता जा रहा है. हिंदूवादी संगठन के लोगों ने नगरपालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) प्रदीप शर्मा के चेहरे पर कालिख पोत दी. इस घटना को जिला प्रशासन और पुलिस ने दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है. दरअसल, हिंदूवादी संगठनों ने शहर के घंटाघर पर भगवान श्रीराम के पोस्टर और भगवा झंडे लगाकर साज-सज्जा की थी. लेकिन नगरपालिका सीएमओ प्रदीप शर्मा ने इसे हटाने के लिए नपा कर्मियों को आदेश दिए और घंटाघर से झंडे और पोस्टर हटवा दिए. इससे नाराज हिंदूवादी संगठन के लोगों ने पहले प्रदर्शन किया और फिर सीएमओ के घर पहुंचकर उनके मुंह पर कालिख पोतकर अपना विरोध जताया. इस घटना पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा, यह निस्संदेह एक बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है. हमने एक जांच समिति गठित की है और आज ही संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है. हमने लोगों से अनुरोध किया है कि अगर उनके पास इस मामले से जुड़ा कोई सबूत है, तो उसे हमारे सामने पेश करें.



हमारा लक्ष्य 10 अप्रैल तक जांच पूरी कर निश्चित निष्कर्ष पर पहुंचना है. वहीं, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा, यह घटना कुछ देर पहले की है. बीती रात और आज सुबह घंटाघर पर सजावट हटाने को लेकर विवाद शुरू हुआ था. कुछ लोगों ने नगर निगम सीएमओ के चेहरे पर कालिख पोतकर विरोध दर्ज किया, जो बेहद निंदनीय है. कलेक्टर के निर्देशानुसार मामले की जांच शुरू कर दी गई है. इस घटना ने स्थानीय स्तर पर तनाव पैदा कर दिया है. प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाए हैं और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है. जांच के नतीजों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

**जय श्रीराम के जयघोष के साथ की हिन्दू राष्ट्र बनाने की मांग- नारायणी सेना जाबालिपुरम ने किया आयोजन**

## भगवा ध्वज मंगल कलश शोभयात्रा के माध्यम से किया हिन्दू नर्व वर्ष का स्वागत

जबलपुर (**नगर प्रतिनिधि**)। नारायणी सेना जाबालिपुरम के तत्वाधान में सनातन हिंदू नव वर्ष चैत्र प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 नव संवत्सर और चैत्र नवरात्रि के शुभ आगमन पर रविवार को पूज्य भगवा ध्वज मंगल कलश शोभयात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा दमोहनाका हितकारिणी स्कूल, मिलौनीगंज, कोतवाली, बड़ा फुहारा, अंधेरदेव, तुलाराम चौक, करमचंद चौक, मालवीय चौक होते हुए पुनः बड़ा फु हारा पहुंची। इस मौके पर सभी ने भगवा रंग की पगड़ी (साफा) पहनकर शोभायात्रा का आकर्षक बनाया। कार्यक्रम के दौरान हिन्दू राष्ट्र बनाए जाने की भी मांग की गई। चैत्र नवरात्र के अवसर पर हिन्दू नववर्ष का स्वागत बड़े ही हर्षोल्लास के साथ नारायणी सेना जाबालिपुरम के द्वारा किया गया। इस दौरान भव्य भगवाध्वज, मंगलकलश शोभायात्रा निकाली गई। यहां पर भव्य शोभायात्रा का जय श्रीराम के जयघोष और शानदार आतिशबाजी के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ। भव्य शोभायात्रा संतों की अगुवाई में निकाली गई। जिसमें प्रमुख रूप से स्वामी राघवदेवाचार्य, नारायाणी सेना जालाबापुरिम प्रमुख सीताराम सेन आदि रहे। इस संबंध में नारायणी सेना जाबालिपुरम के प्रमुख सीताराम सेन ने बताया कि हर वर्ष चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर हिन्दू नववर्ष का स्वागत करने भव्य शोभायात्रा निकाली गई, इस दौरान स्वच्छ भारत, स्वस्थ्य भारत, नशामुक्त भारत, शक्तिशाली भारत का संदेश दिया गया। वहीं इस बार बटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो नेक रहोगे का भी संदेश दिया गया।



**झांकियां रहीं शामिल-**

भागवाध्वज, मंगलकलश शोभायात्रा के दौरान श्रीराम मंदिर की झांकी, दुर्गा माता की प्रतिमा, शंकर भगवान की प्रतिमा, गणेश भगवान की प्रतिमाएं सहित जीवंत झांकियां भी शामिल रहीं। शोभायात्रा में शामिल बैण्ड, ढोल, धमाल और कांसों के माध्यम से नववर्ष का स्वागत किया। जिसमें श्रीराम जी के भजन व हनुमान जी और माता के भजनों की शानदार प्रस्तुति ने सभी के मन को मोहा। वहीं दुलदुल घोडी सहित भगवा ध्वज और भगवा वस्त्र शोभायात्रा में आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रहे।

**शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत-**

मंगलकलश शोभायात्रा का विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व व्यापारिक संगठनों के द्वारा जगह-जगह स्वागत किया। जिन्होंने पुष्पवर्षा कर हिन्दू नववर्ष की बधाईयां देते हुए धर्मालंबियों का स्वागत किया। आयोजन के द्वारा सभी धर्मालंबियों ने भगवान वस्त्र धारण कर शोभायात्रा की गरिमा बढ़ाई।

## पटरी से उतरीं कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस की 11 बोगियां, एक की मौत, कई लोग घायल



ओडिशा-(आरएनएस)। ओडिशा के कटक जिले में रविवार को बेंगलुरु-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन की 11 बोगियां पटरी से उतर गईं, जिसके परिणामस्वरूप एक व्यक्ति की मौत और आठ लोग घायल हो गए। इन यात्रियों को बचा लिया गया है और उन्हें चिकित्सा के लिए नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया है। रेलवे अधिकारी बाधित ट्रैक को बहाल करने और आगे की बाधाओं को कम करने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं। ओडिशा अग्निशमन सेवा, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और स्थानीय रेलवे अधिकारियों के कर्मी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और बचाव अभियान में सहायता कर रहे हैं।

## इटारसी में देर रात तीन घरों में भड़की आग, दिव्यांग बुजुर्ग की जिंदा जलकर मौत

इटारसी।(आरएनएस)। शनिवार- रविवार की दरमियानी रात शहर के नेहरूगंज इलाके में भीषण आग लग गई। आग की लपटों में तीन परिवारों की गृहस्थी जलकर खाक हो गई। हादसे के दौरान एक घर में सो रहे दिव्यांग बुजुर्ग की आग की लपटों में घिरने से मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आग इतनी भीषण थी कि इटारसी, आयुध निर्माणी और नर्मदापुरम की 20 दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। जानकारी के अनुसार नेहरूगंज इलाके में खपरैल मकान में रहने वाले दिव्यांग राजेंद्र सिंह राजपूत के कच्चे मकान में लगी, आग की लपटों ने पड़ोस के दो घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। नेहरूगंज इलाके में शनिवार-रविवार रात करीब 3 बजे तीन मकानों में आग लग गई। हादसे में एक दिव्यांग व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने पहले इटारसी इसके बाद नर्मदापुरम और आयुध निर्माणी के दमकल वाहनों की मदद ली। पुराने लकड़ी का मकान होने से आग तेजी से भड़क चुकी थी, जिसे बुझाने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। दिव्यांग राजेंद्र सिंह राजपूत की बेटी नंदिनी ने बताया कि आग उनके पिता के कमरे में लगी थी, तब वे गहरी नींद में थे।



## छत्तीसगढ़ में पीएम मोदी के दौरे से पहले बीजापुर में 50 नक्सलियों ने किया सरेंडर

बीजापुर।(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाके बीजापुर में रविवार को 50 नक्सलियों ने एक साथ सरेंडर किया है। यह पहली बार है जब इतनी बड़ी संख्या में नक्सलियों ने सरेंडर किया है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंच रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर देश से मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के अभियान में जुटी हैं। सरेंडर करने पहुंचे नक्सलियों पर 68 लाख रुपये का इनाम बताया जा रहा है। यह अलग-अलग वारदातों में शामिल रहे हैं। जानकारी के मुताबिक सुरक्षाबलों द्वारा लगातार नक्सलियों पर की जा रही कार्रवाई से ये घबराए हुए हैं।

**अवकाश सूचना**

आज दिनांक 31/03/2025 को ईदुल फित्र के पर्व पर दैनिक क्षितिज किरण कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः हमारा अगामी अंक दिन बुधवार 02/04/ 2025 को प्रकाशित होगा।

**व्यवस्थापक**

## विधायक जयवर्धन सिंह के जबलपुर आगमन पर अल्पसंख्यक विभाग के साथी मित्रों सहित पहुँच सौजन्य भेंट क़ी



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)**। म.प्र.शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राघौगढ़ के लोकप्रिय विधायक जयवर्धन सिंह के जबलपुर आगमन पर अल्पसंख्यक विभाग के साथी मित्रों सहित पहुँच सौजन्य भेंट क़ी एवं आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया इस अवसर पर जबलपुर जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण)के अध्यक्ष डॉक्टर नीलेश जैन जी ,वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुमन कुमार जैन जी, विवेक अवस्थी जी, राजकुमार जैन जी , राजू यादव जी एवं अन्य कांग्रेस नेता विशेष रूप से उपस्थित रहे

**उज्जैन सहित प्रदेश के अन्य धार्मिक नगरों में 1 अप्रैल से की जा रही है शराबबंदी**

## पथ सही होने पर शपथ होती है सफल- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव जैन समाज के शपथ अनुष्ठान पर्व में शामिल हुए**



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विक्रम संवत चैत्र प्रतिपदा नववर्ष पर पावन पुनीत अवंतिका में देश भर से शपथ अनुष्ठान पर्व में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत है। उज्जैन में भगवान श्री महावीर स्वामी ने तपस्या की है। तपस्या का पथ सही होने पर शपथ सफल होती है। मानव जीवन संक्षिप्त समय का है, इसलिए जितना भी समय है, उसे हम परमार्थ के कार्य और सभी जीवों की सेवा में लगाना चाहिए। परमार्थ के कार्य कर मानव महापुरुष हो जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन में जैन समाज के शपथ अनुष्ठान पर्व में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार विकास के कार्य सांस्कृतिक समन्वय से कर रही है। इसी क्रम में उज्जयिनी और प्रदेश के अन्य धार्मिक नगरों में 1 अप्रैल से शराबबंदी की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम में आयोजनकर्ताओं ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उज्जैन का नाम संपूर्ण देश-प्रदेश में गौरवान्वित करने पर नागरिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सांसद श्री अनिल फिरोजिया, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, श्री देवेंद्र काशल, श्री अश्विन कोशलीवाल, श्री सचिन कासलीवाल सहित जैन समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना पनागर में गुलाब बंशकार उम्र 42 वर्ष निवासी इमलई मोड़ ग्राम देवरी ने सूचना दी कि वह कटनी में पल्लेदारी का काम करता है उसकी बच्ची महक वंशकार उम्र 17 वर्ष को काफी दिनों से सिर में दर्द रहता था जो दिनांक रात लगभग 1-30 बजे बेटी महक को उल्टी एवं सिर में दर्द होने से इलाज हेतु मेडिकल कालेज मे भर्ती कराया था दौरान उपचार के सुबह लगभग 4 बजे बेटी महक की मृत्यु हो गयी है। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच मे लिया गया।

# सम्भाग 08 एवं 16 में पूर्व विधानसभा के अन्तर्गत मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में वसूली के सम्बन्ध में अपर आयुक्त अंजू सिंह एवं अधिकारियों ने मौलाना साहब एवं विधायक लखन घनघोरिया के साथ बैठक की

## आज 31 मार्च के बाद 1 अप्रैल से बकाया करों की राशि होगी दो गुना = आगामी वित्तीय वर्ष में आने वाली लोक अदालत में बकाया राशि पर करदाताओं को नहीं मिलेगी राहत







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अपर आयुक्त महोदया अंजू सिंह द्वारा सम्भाग 08 सम्भाग 16 के एवं पूर्व विधानसभा के अन्तर्गत मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में वसूली के सम्बन्ध में माननीय पूर्व विधानसभा केबिनेट मंत्री एवं विधायक जी द्वारा राजस्व वसूली में शहर विकास के लिए सहयोग करने का आश्वासन दिया बैठक में सम्भागीय अधिकारी सम्भाग 08 सम्भागीय अधिकारी सम्भाग 16 राजस्व निरीक्षक 8-16 मोजूद थे वर्तमान वित्तीय वर्ष में राजस्व के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत करदाताओं से सम्पत्तिकर, जलकर, के साथ-साथ डोर टू डोर कचरा कलेक्शन शुल्क जमा कराया जा रहा हैं। आयुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि करदाताओं के पास बकाया करों की राशि जमा करने अब आज अंतिम दिन शेष है,आज 31 मार्च के बाद अब 1 अप्रैल से करों की राशि दो गुना कर दी जायेगी जो आगामी वित्तीय वर्ष में आने वाली लोक लदालत में भी छूट नहीं मिलेगी। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने करदाताओं से अपील की है कि 31 मार्च के

### करदाताओं के पास बकाया करों की राशि जमा करने आज अंतिम दिन निगमगयुक्त-प्रीति यादव

तक अपनी करों की राशि जमा कर नगर निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें तथा निगम विकास में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल से राशि दो गुना हो जायेगी जिसमें आने वाली लोक अदालत में भी राहत नहीं मिलेगी।

## आज ईद पर्व पर भी खुले रहेंगे नगर निगम व्यवसायिक लाइसेंस कार्यालय

### व्यापारियों को आज रात 9 बजे तक लाइसेंस बनवाने का है मौका

जबलपुर। व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगमगयुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि व्यापारी आज 31 मार्च को रात 9 बजे तक अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लाइसेंस बनवा सकते हैं।

गौरतलब है कि अंतिम तिथि के बाद लाइसेंस फीस में दोगुनी वृद्धि हो जाएगी। इसके अलावा, 1 अप्रैल से चल रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत बिना लाइसेंस व्यापार करते पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों पर तालाबंदी जैसी सख्त कार्रवाई की जा

**जॉर्ज टाउन स्कूल , गोल बाजार स्थित व्यवसायिक लाइसेंस कार्यालय 31 मार्च की समय सीमा को देखते हुए ईद की छुट्टी के बावजूद रहेगा खुला**

सकती है। अत: व्यापारियों से अपील की गई है कि वे समय रहते अपने लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया पूरी कर के ही स्वाभिमान से व्यापार करें।



पूर्व एम आई सी सदस्य श्री राम मोहन गुप्ता जी ने अपने भवन का सम्पत्ति कर स्वप्रेरणा से सम्भागीय कार्यालय में जमा किया

## सिक्ख धर्म की आस्था पर किसी भी रूप में प्रहार करने का हक किसी को भी नही है वह चाहे देश के गृह मंत्री ही क्यों न हों ....



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। लोकसभा मे देश के गृह मंत्री अमित शाह जी द्वारा सिक्ख धर्म के पवित्र ग्रंथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का जिक्र व्यंग्यात्मक टिप्पणी के रूप में करने पर सिक्ख यूथ ×सीनियर एसोसिएशन इंडिया रजि. घोर शब्दों में निंदा करता है व आगाह करती है कि सिक्ख धर्म की आस्था पर किसी भी रूप में प्रहार करने का हक किसी को भी नही है वह चाहे देश के गृह मंत्री ही क्यों न हों .... इस विषय मे जल्द ही एक पत्र प्रधान मंत्री जी के नाम पर प्रेषित किया जाएगा -दलवीर सिंघ जस्सल जस्सल जी ने बताया कि विश्व भर के सिक्खों की सर्वोच्च संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (स्त्रक्ष्ट) ने शुक्रवार को अपने महासभा सत्र में अमित शाह के संसद में दिए गए कथित सिख विरोधी बयान की कड़ी निंदा करते हुए इसे सिख समुदाय का अपमान करार दिया।

स्त्रक्ष्ट महासभा ने गुरबानी के संबंध में अमित शाह की कथित टिप्पणी की कड़ी आलोचना करते हुए इसे सिख धार्मिक परंपराओं के प्रति असम्मानजनक करार दिया। प्रस्ताव में कहा गया, गुरबानी गुरु साहिबानों द्वारा रचित दिव्य वाणी है, यह सिख धर्म का अभिन्न और पवित्र अंग है। गुरबानी को नकारात्मक संदर्भ में प्रस्तुत करना इसकी पवित्रता का अपमान करने के समान है। कमेटी ने सरकार को याद दिलाया कि गुरबानी की शिक्षाओं ने न केवल देश की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया है, बल्कि सिख समुदाय ने देश की आज़ादी और सुरक्षा के लिए अनगिनत कुर्बानियां दी हैं। यह बयान देश की बहुधार्मिक और बहुसांस्कृतिक पहचान को ठेस पहुंचाने वाला है। कमेटी ने केंद्र सरकार से सिखों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने और विभाजनकारी बयानबाजी से बचने की अपील की।



## चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व एवं हिंदू नववर्ष पर हुआ मां शैलपुत्री का पूजन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। डॉ राधाकृष्णन वार्ड फकीरचंद्र अखाड़ा के सामने स्थित प्राचीन ? श्रीलोधेश्वर महादेव मां खेरमाई शक्ति मठ में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर मां जगत जननी के मां शैलपुत्री स्वरूप का भाव विभोर श्रृंगार किया गया, प्रात: काल से ही मठ में भक्तों के मेला लगा हुआ है एवं हिंदू नववर्ष की संध्या काल में दिव्य पूजन अर्चन किया गया।

### केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी से सांसद आशीष दुबे ने की मांग, मांग पत्र भी सौंपा

## जबलपुर को केंद्र में रखकर बने औद्योगिक कॉरिडोर- सांसद आशीष दुबे

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री आशीष दुबे ने जबलपुर को केंद्र में रखते हुये एक नये औद्योगिक कॉरिडोर (गलियारे) की स?थापना का आग्रह केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री श्री एच.डी. कुमारस?वामी से किया है। नई दिल?ली में श्री कुमारस?वामी से भेंट के दौरान सांसद श्री आशीष दुबे ने केंद्रीय मंत्री को इस आशय का मांग पत्र भी सौंपा। सांसद श्री दुबे ने केंद्रीय मंत्री श्री कुमारस?वामी से कहा कि जबलपुर मध?यप्रदेश के साथ-साथ देश का प्रमुख नगर है और उच?च शिक्षा का भी बड़ा केंद्र है। जबलपुर संसदीय क्षेत्र कृषि प्रधान होने के साथ-साथ विपणन का भी बड़ा केंद्र है। जबलपुर में अनेक उद्योग स?थापित हैं और आर्थिक रूप से क्षेत्र को और सशक?त बनाने के लिए जबलपुर नगर को लक्षित कर नया औद्योगिक कॉरिडोर बनाया जाएगा तो यह क्षेत्र विकास की राह पर और तेज गति से आगे बढ़ेगा।



सांसद श्री आशीष दुबे ने केंद्रीय मंत्री श्री कुमारस?वामी से कहा कि जबलपुर में औद्योगिक कॉरिडोर बनने से रोजगार के नये अवसर तो सृजित होंगे ही वहीं आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। नये उद्योगों की स्थापना के साथ बुनियादी ढांचे का भी विकास होगा और जबलपुर की नई उज?ज?वल छवि उभरकर सामने आयेगी। सांसद श्री दुबे ने कहा कि औद्योगिक कॉरिडोर बनने से जबलपुर में निवेश को बढ़ावा मिलेगा और किसानों को भी काफी लाभ होगा जिससे वे अपने उत?पादों को सुविधापूर्वक राष?ट्रीय और अंतर्राष?ट्रीय बाजारों तक पहुंचा सकते हैं। सांसद श्री दुबे ने केंद्रीय मंत्री श्री कुमारस?वामी से कहा कि औद्योगिक कॉरिडोर के निर्माण से पर्यावरण भी संरक्षित होता है जिसका फायदा भी जबलपुर को मिलेगा।

मांगपत्र में सांसद श्री दुबे ने देश के कुछ अन?य औद्योगिक कॉरिडोरों का उल?लेख करते हुये कहा कि दिल?ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर, चेन?नई-बेंगलुरू औद्योगिक कॉरिडोर, अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर, विशापट्टनम-चेन?नई औद्योगिक कॉरिडोर, हैदराबाद-नागपुर आॉद्योगिक कॉरिडोर, दिल?ली-नागपुर औद्योगिक कॉरिडोर सहित अन?य औद्योगिक कॉरिडोर देश के विभिन?न राज?यों में फैले हुये हैं जिससे इन औद्योगिक कॉरिडोरों की सीमा में आने वाले क्षेत्रों का औद्योगिक विकास तीव्र गति से हुआ है। अगर जबलपुर को केंद्र में रखकर नया औद्योगिक कॉरिडोर बनाया जाता है तो जबलपुर और उससे लगी सीमा में आने वाले क्षेत्रों में नए उद्योगों की स?थापना होगी और जबलपुर नगर सहित समूचे जबलपुर संसदीय क्षेत्र की अर्थव?यवस?था को गति मिलेगी जिससे आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

सांसद श्री दुबे ने कहा कि औद्योगिक कॉरिडोर बनने से नये उद्योगों की स?थापना के कारण उद्योगों की संख?या बढ़ेगी और इंफ्रास?ट्रक?चर भी मजबूत होगा। औद्योगिक कॉरिडोर के निर्माण से क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिलेगा जिसका किसानों सहित उद्योगपतियों, युवाओं और संसदीय क्षेत्र के हर वर्ग को लाभ मिलेगा। सांसद श्री दुबे ने कहा कि देश के यशस?वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत?व में भारत विकास की नई कहानी लिख रहा है तब निश्चित रूप से देश के अन?य औद्योगिक कॉरिडोरों की तर्ज पर जबलपुर को केंद्र में रखकर औद्योगिक कॉरिडोर बनाया जाये तो जबलपुर भी राष?ट्र निर्माण में और ज?यादा उल?लेखनीय योगदान प्रदान करेगा। सांसद श्री दुबे ने कहा कि जबलपुर संभाग के देवतुल?य नागरिकों सहित पूरे क्षेत्र के हित में यह औद्योगिक कॉरिडोर बनाया जाना आवश?यक है। सांसद श्री दुबे को केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री श्री एच.डी. कुमारस?वामी ने आश?वस?त करते हुये कहा कि वे इस संबंध में सभी तथ?यों का अवलोकन कर शीघ्र ही उचित निर्णय लेंगे।

## शिवाजी और संभाजी पर केंद्रित पोवाड़ा का कार्यक्रम शहर में पहली बार आयोजित हुआ






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। गर्जा जय जयकार के नाम से छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके बेटे संभाजी के जीवन पर आधारित मराठी भाषा में संगीतमय कार्यक्रम पोवाड़ा की प्रस्तुति महाराष्ट्र से आये कलाकारों ने दी।पोवाड़ा गायन का प्रभावी एवं स्फूर्तिदायक दो घंटे तक चला। पोवाड़ा का कार्यक्रम शहर में पहली बार आयोजित हुआ।

बालबोध शिक्षण मंडल संचालित नूतन मराठी विद्यालय के त्रि दिवसीय इस आयोजन का उद्धघाटन स्थानीय दत्त मंदिर मे हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश श्री देवदत्त धर्माधिकारीतथा श्री प्रकाश नावलेकर, दिलीप कुंभोजकर महासचिव बृहन्महाराष्ट्र मंडल, नई दिल्ली डॉ जितेंद्र जामदार समाजसेवी एव अस्थी रोग विशेषज्ञ तथा श्री प्रशांत पोल लेखक एवं चिंतक के द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलन एव धर्मवीर छत्रपती संभाजी महाराज, छत्रपती शिवाजी महाराज एव अजेय योद्धा बाजीराव प्रथम को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

प्रशांत पोल द्वारा हिंदू नव वर्ष एव संभाजी महाराज की पुण्यतिथि पर इस कार्यक्रम की आयोजना को सारगर्भित प्रकाश डाला। डॉ जितेंद्र जामदार द्वारा आयोजन के उद्धघाटन के अवसर पर अपने उद्बोधन के साथ नव वर्ष की बधाई आयोजकों एवं आमंत्रित को दी मंडल के अध्यक्ष प्रदीप फाटक द्वारा मंचासीन सभी अतिथियों का सम्मान किया गया?। कार्यक्रम के प्रमुख वैभव धरत एवं कलाकारों का स्वागत मंडल के उपाध्यक्ष श्री सच्चिदानंद शेकटकर एवं शाला की प्राचार्य सीमा राठोड द्वारा किया गया.

कार्यक्रम का संचालन वर्षा दांडेकर द्वारा किया गया. पोवाडा गायन की रोमांचकारी प्रस्तुति के दौरान जब कलाकारों ने संभाजी के अंतिम काल की प्रस्तुति दी तब कलाकारों और श्रोताओं के नेत्र सजल हो गये। कार्यक्रम की सफलता में सतीश तळेगावकर, आलोक सप्रे,संजय खांडेकर, राजा हिरसकर,हर्षल पुणतांबेकर,मंजुषा देशमुख,राजू कोतवाल का योगदान विशेष रहा.

## पाली क्लिनिक को रजा चौक से न हटाया जाए



जबलपुर। आसिफ इकबाल के नेतृत्व में आज नगर निगम आयुक्त जबलपुर को एक ज्ञापन सौंपा गया जिसमें रजा चौक स्थित पाली क्लीनिक को हटाने के खिलाफ उसको रोकने के लिए ज्ञापन के माध्यम से नगर निगम कमिश्नर से आग्रह किया कि इस क्लिनिक को रजा चौक से न हटाया जाए इस मौके पर पूर्व पार्षद राजू लाइक जी ,मोनू भाई,राजू,ताहिर, जमील, सुल्तान, सिकंदर आदि मौजूद थे

### परियट नदी स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

## पनागर में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मोहन यादव जी के आह्वान पर एवं जिला कलेक्टर महोदय के निर्देशन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड पनागर के द्वारा आज जल गंगा संवर्धन अभियान,नदी संरक्षण पुनर्जीवन कार्यक्रम का आयोजन विक्रम संवत सूर्य उपासना नव संवत मनाकर किया गया इस अवसर पर भारत महरोलिया विकासखंड समन्वयक पनागर के द्वारा बताया कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में 30 मार्च से 30 जून तक चलने बाले जल गंगा संवर्धन अभियान पूरे विकासखंड में नवांकुर संस्थाओ,मेंटर्स,प्रस्फुटन समितियों,मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं,अन्य स्वैच्छिक संगठनों के साथ प्रतिदिन जल संरचनाओं की स्वच्छता साफ सफाई का कार्य किया जाना है इस अवसर पर आज

विकासखंड पनागर में ग्रामो में कलश यात्रा निकालकर परियट नदी का पूजन करके ग्राम निरंद्रपुर में नवांकुर संस्थाओ,प्रस्फुटन समितियों के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरचनाओं की स्वच्छता,नदी की साफ सफाई गहरीकरण का कार्य किया प्रारंभ किया गया है साथ ही ग्राम सरसवा में प्रस्फुटन समितियों,ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में श्रमदान से तालाब की स्वच्छता,साफ सफाई,की गई उपस्थित जनो को जल स्वच्छता की शपथ दिलाई गई ग्राम फूटाताल में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं नवांकुर संस्थाओ,प्रस्फुटन समितियो के सदस्यों,मेंटर्स के साथ जल जनजागरूकता रैली,तालाब की स्वच्छता साफ सफाई का कार्य जनसहयोग से करते हुऐ आम जनो को जल स्वच्छता का संदेश देते हुये जनजागरूक किया गया है कार्यक्रम में भारत महरोलिया विकासखंड समन्वयक पनागर,सरपंच सरसवा सुशीला विश्वकर्मा,संजय पाण्डे,चंद्र प्रकाश परिहार,राजकुमार बर्मन,कैलास असाटी निरंद्रपुर,नवांकुर संस्था सेक्टर प्रभारी संजीत अहिरवार,पारस दाहिया,अजय पटेल,मेंटर्स पार्वती लोधी,सुभम पटेल,सुशील सेन,मनोज प्रजापति के साथ ग्रामो की प्रस्फुटन समितियो के सदस्य,छात्र,छात्राओ के साथ अन्य ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न किया गया है



भोपाल।( आरएनएस )। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि किसानों के हित में ( डिजिटल फसल सर्वेक्षण ) गिरदावरी में संशोधन एवं दावा-आपत्ति करने की अवधि 15 अप्रैल तक बढ़ा दी गयी है। इससे किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिये कराये गये पंजीयन की जानकारी और गिरदावरी की जानकारी में आ रहे अंतर में सुधार करवा सकेंगे।



### मुख्यमंत्री डॉ यादव ने भारतीय नव वर्ष के अवसर पर कवि सम्मेलन में किया संत गण और कविगण का सम्मान

# राजधानी भोपाल में बनेंगे सम्राट विक्रमादित्य और राजा भोज द्वार

## सरकार 'विरासत से विकास' की रणनीति पर कर रही है काम- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि राजधानी भोपाल का महत्व ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के बाद बढ़ गया है। राज्य सरकार विरासत से विकास को प्रमुख मानती है।इस नाते भोपाल के गौरवशाली इतिहास का स्मरण आवश्यक है। विक्रम संवत 2082 प्रारंभ होने पर समस्त नागरिकों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने न्याय, वीरता और सुशासन के आयाम स्थापित किए। ऐसा ही उनके शासनकाल के 1000 वर्ष पश्चात राजा भोज ने भी सुशासन और जल प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में उदाहरण प्रस्तुत किया सम्राट विक्रमादित्य और राजा भोज के नाम पर राजधानी में दो द्वार बनाए जाएंगे। भोपाल से इंदौर की ओर जाने वाले मार्ग पर सम्राट विक्रमादित्य मार्ग और भोपाल से भोजपुर की दिशा में राजा भोज द्वार का निर्माण होगा।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कवि सम्मेलन में देशभर से पधारे कवियों का स्वागत किया। उन्होंने इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख संत गण का भी मंच पर सम्मान किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सम्राट विक्रमादित्य द्वारा सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए किए गए प्रयासों का विशेष रूप से उल्लेख किया।साथ ही विक्रम संवत प्रणाली और भारतीय काल गणना पद्धति की भी जानकारी दी।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ यादव का विशेष स्वागत किया गया। उनका विशाल पुष्प हार से स्वागत किया गया। कार्यक्रम को विधायक श्री रामेश्वर शर्मा ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में तेजी से प्रगति हो रही है।कार्यक्रम में सांसद श्री विष्णु दत्त शर्मा, श्री हितानंद शर्मा, पूर्व सांसद श्री आलोक संजार,सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग, श्री रविंद्र यति, श्री सुमित पचोरी एवं अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जड़ों से जुड़े रहकर ही विकास संभव है। इस उद्देश्य से प्रदेश सरकार 'विरासत से विकास' की रणनीति पर काम कर रही है। प्रदेश में सम्राट विक्रमादित्य और राजा भोज का गौरवशाली इतिहास रहा है। इन महानायकों के पराक्रम और विशेषताओं को जनता के बीच लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार धार्मिक पर्यटन को विशेष महत्व दे रही है। शासन की व्यवस्थाओं और योजनाओं से वर्ष 2028 में उज्जैन में आयोजित होने वाला सिंहस्थ महाकुंभ अदभुत होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दिल्ली में एक निजी समाचार चैनल के 'सत्ता सम्मेलन कार्यक्रम' को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 2000 वर्ष पूर्व सम्राट विक्रमादित्य ने नवरत्नों द्वारा शासन की व्यवस्थाओं का संचालन कर गणतंत्र आधारित सुशासन स्थापित किया। सम्राट विक्रमादित्य ने अपने राज्य में जनता का कर्ज माफ कर विक्रम संवत का परावर्तन भी किया। उनके इस पुरुषार्थ और सुशासन के प्रतिमान के विभिन्न आयामों का उत्सव मनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार आगामी 12 से 14 अप्रैल तक दिल्ली में विक्रमादित्य महानाट्य का आयोजन करेगी। एक हजार वर्ष पूर्व राजा भोज ने चट्टानों पर आधारित जल संरचनाओ के माध्यम से जल संचयन की तकनीक सिखाई है। प्रदेश के इन महानायकों में सम्राट विक्रमादित्य और राजा भोज के नाम पर भोपाल में स्मृति द्वार बनाए जा रहे हैं। कालगणना की नगरी उज्जैन में राजा जयसिंह द्वारा स्थापित पहली वेदशाला और नवग्रह की उपासना से जुड़ी प्राचीन वैदिक पद्धति के आधार पर वैदिक घड़ी और ऐप बनाए गए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 12 वर्ष में बृहस्पति के सिंह राशि में प्रवेश का उत्सव उज्जैन में सिंहस्थ कुंभ के रूप में मनाया जाता है। मेला संस्कृति की प्राचीन परंपरा को संरक्षित करने के उद्देश्य से शासन द्वारा वर्ष 2028 के सिंहस्थ कुंभ के लिए अभी से योजना बनाकर कार्य आरंभ किया जा चुका है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए शासन द्वारा व्यापक स्तर पर कदम उठाए जा रहे हैं। प्रयागराज महाकुंभ के आयोजन से प्रेरणा लेकर योजना बनाकर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आश्वासन दिया कि सिंहस्थ कुंभ-2028 का आयोजन अद्भुत होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में मिल-जुलकर रहने की 'वसुधैव कुटुंबकम्' आधारित संस्कृति है और सभी धर्म के लोग एक दूसरे के त्योहारों में आनंद से सहभागी बनते हैं। खाद्य सुरक्षा कानून के तहत खुले में मांस सहित अन्य खाद्य सामग्री का विक्रय नियमानुसार नियंत्रित किया जाता है। प्रदेश में कानून सम्मत शासन चलता है, जिसका धर्म से कोई लेना देना नहीं है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के दिखाए मार्ग पर सरकार शिक्षा, प्रेम और गौपालन को प्रोत्साहित कर रही है। प्रदेश में गौशालाओं को मिलने वाले अनुदान को 20 रूपये से बढ़कर 40 रूपये कर दिया गया है। 10 से अधिक गौ-धन पालन पर अनुदान और दूध खरीदी पर 5 रूपये का बोनस सरकार देती है।

# मप्र में दुष्कर्म की रोजाना 20 घटनाएं, लेकिन कानून का राज जुमलेबाजी - विभा पटेल

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल के नेतृत्व में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्य के अलग-अलग जिलों से छोटी-छोटी बच्चियों, लाड़ली बहनों से दुष्कर्म और महिला उत्पीड़न की घटनाओं को लेकर शनिवार को धरना दिया। धरना स्थल पर हुई सभा में श्रीमती विभा पटेल ने कहा कि वर्दी का खौफनहीं होने से गुरुवार शाम को सतना जिले के मैहर बाईपास सोनौरा पीएम आवास कॉलोनी में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मामला हैवानियत की हदें पार करने का है। यहां 28 वर्षीय एक युवक ने ढाई साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। इस घटना से यह प्रमाणित हो गया है कि अपराधिक मानसिकता वालों में कानून का भय नहीं है। यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। हालत ये है कि प्रदेश में रोजाना तकरीबन 20 बलात्कार की घटनाएं होने की जानकारी मिलने से मध्य प्रदेश समेत सभ्य समाज शर्मसार होता है। पिछले वर्ष की बात करें तो ऐसी 7294 घटनाएं सामने आई हैं। इससे जाहिर है कि भाजपा का नारी सुरक्षा और नारी सम्मान का दावा खोखला है।

धरना स्थल पर मौजूद महिलाओं ने राज्य की सरकार के खिलाफनारे लगाएं। यह सरकार विरोधी नारों की तख्तियां भी हाथ में लिए थी। बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं ने नारेबाजी करके अपना आक्रोश जताया। यहां हुई सभा में श्रीमती विभा पटेल ने कहा कि सतना जिले की ताजी घटना प्रदेश में अकेली घटना नहीं है। इसके पहले बीते छह माह में भोपाल में 3 साल की मासूम के साथ उसके आईटी टीचर ने दुष्कर्म किया। हरदा के सिराली में कुरकुरे दिलाने के बहाने 5 साल की बच्ची से रेप की घटना हुई। मुरैना के अंबाह में बकरी चराने गई 9 साल की बच्ची से रेप की घटना हुई। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में लगातार महिलाओं, लाड़ली बहनों और अब छोटी-छोटी अबोध बच्चियों से दुष्कर्म की घटनाएं सामने आ रहीं हैं। इसका बड़ा कारण पुलिस का राजनीतिककरण है तो सत्ता पक्ष से अपराधियों के जुड़े होने के कारण कानून का उन्हें भय नहीं है। श्रीमती विभा पटेल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने दुष्कर्मियों को फांसी देने का कानून बनाकर खूब जोर-शोर से प्रचार किया गया था। लेकिन, इसके बावजूद भी अपराधियों में इसका कोई डर दिखाई नहीं देता है। रोजाना किसी न किसी जिले से दुष्कर्म की घटना सुनने को मिल रही है। इसके चलते महिलाओं, लाड़ली बहनों और बच्चियों के लिए मप्र असुरक्षित प्रदेश बनता जा रहा है। इनकी सुरक्षा पर गंभीर खतरा खड़ा हो गया है।

श्रीमती विभा पटेल ने कहा कि यह अत्यंत दुखद है कि भाजपा की डॉ मोहन यादव की सरकार के समक्ष जब महिला सुरक्षा के मामले सामने लाए जाते हैं तो उस पर कार्रवाई करने की बजाय भाजपा के नेता कुतर्क करने पर ज्यादा ध्यान देते हैं। इससे प्रतीत होता है कि भाजपा का नारी सम्मान और सुरक्षा का दावा सिर्फ जुमलेबाजी तक सीमित है। धरना स्थल पर हुई सभा में जिला अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, पार्षद योगेन्द्र सिंह गुड्डू चौहान, महिला कांग्रेस की महासचिव राजलक्ष्मी नायक,लता देवरे, यशोदा पांडे, चंदा चौहान, रत्ना तंत्रपांडे, शोभा चाहंदे, राजकुमारी केवट आदि ने भी अपने

# उल्लास और उमंग का सांस्कृतिक प्रतीक है गुड़ी पड़वा- राज्यमंत्री श्रीमती गौर



भोपाल (आरएनएस) पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि हिंदू नव वर्ष गुड़ी पड़वा उल्लास और उमंग का सांस्कृतिक प्रतीक है। भारतवर्ष की महान संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों को संरक्षित करने की जिम्मेदारी मातृशक्ति पर है। यह बात उन्होंने भोपाल में हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में नर्मदापुरम रोड पर एक सभागार में आयोजित कृष्णा सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था के कार्यक्रम में कहीं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि हमारी संस्कृति, परंपराएं एवं पर्व व्यक्तिगत स्वार्थ व सुख के लिए नहीं, बल्कि विश्व के कल्याण के लिए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में जगत के कल्याण के भाव का चिंतन इतना गहरा है कि हर जीव की चिंता हमारी संस्कृति करती है, इसलिए भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था हम सब अपने घरों पर कर सके, इसलिए सकोरों का वितरण भी आज संस्था के द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य भारत प्रांत के ग्राम विकास संयोजक श्री बृज किशोर भार्गव, विद्युत विभाग के डॉ. आलोक पांडे, संस्था की अध्यक्ष श्रीमती किरण खेर सहित सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति मौजूद रहीं।

## मध्यप्रदेश सरकार का लैंड पूलिंग और भूमि अधिग्रहण कानून किसानों की जमीन छीनने का षड्यंत्र-संतोष सिंह गौतम

भोपाल/ उज्जैन (आरएनएस) ।मध्यप्रदेश कांग्रेस पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और उज्जैन जिले के मीडिया प्रभारी संतोष सिंह गौतम ने आज एक बयान जारी कर बताया मध्यप्रदेश सरकार का लैंड पूलिंग और भूमि अधिग्रहण कानून किसानों की जमीन छीनने का षड्यंत्र मात्र है।

कांग्रेस प्रवक्ता संतोष गौतम ने कहा कि उज्जैन में स्पिरिचुअल सिटी के नाम पर प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण को लेकर एक बेहद दिलचस्प और गंभीर तथ्य सामने आया है। अखाड़ा परिषद ने पहल करते हुए अधिकारियों और किसानों की एक संयुक्त बैठक बुलाई थी। इस बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों ने भूमि अधिग्रहण के तमाम फायदे गिनाने की कोशिश की, लेकिन वहां मौजूद लगभग 200 किसानों ने दो टूक शब्दों में कह दिया कि 'हम अपनी जमीन नहीं देंगे।' किसानों का स्पष्ट मत था कि सिंहस्थ मेला अपने परंपरागत स्वरूप में ही आयोजित होना चाहिए।

गौतम ने आगे कहा, बैठक में शामिल संतों ने भी यह साफ कर दिया कि जब सभी 13 अखाड़ों के पास अपनी निजी जमीन मौजूद है, तो सिंहस्थ मेला-2028 के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली अस्थायी जमीन ही उनके लिए पर्याप्त होगी। सभी संत-महंत एक स्वर में कह रहे हैं कि उन्हें कोई नई स्थायी जमीन नहीं चाहिए। उन्होंने सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा, जब न संतों को नई जमीन चाहिए और न ही किसान अपनी जमीन देना चाहते हैं,

# क्षिप्रा तट से होगी प्रदेशव्यापी जल संरक्षण अभियान की शुरुआत

उज्जैन (आरएनएस)। प्रदेश में वर्षा जल की बूंद-बूंद बचाने का जल गंगा संवर्धन महा अभियान गुड़ी पड़वा के दिन 30 मार्च से शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन स्थित क्षिप्रा तट पर वरुण (जल देवता) पूजन और जलाभिषेक के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान का विधिवत शुभारंभ करेंगे। यह प्रदेशव्यापी अभियान ग्रीष्म ऋतु में 30 जून तक 90 दिन से अधिक समय तक लगातार चलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव हर दिन एक छोटी-बड़ी जल संरचना को लोकार्पित करेंगे। जल संरक्षण के इस अभियान से प्रदेश में भूजल स्तर में सुधार आएगा। पानी की बूंद-बूंद बचाएं, तभी हमारी सांसें बचेंगी। मध्यप्रदेश सरकार जन, जल, जंगल, जमीन और वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जल संरक्षण अभियान देशभर में एक व्यापक जन-आंदोलन बना है। राज्य सरकार भी %खेत का पानी खेत में-गांव का पानी गांव में% के सिद्धांत पर जल संरक्षण की दिशा में अभियान चला रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार का यह अभियान जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देकर अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ें। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान, प्रदेश में जल की प्रचुर उपलब्धता और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रदेशव्यापी जल संवर्धन अभियान में जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, पर्यावरण विभाग, नगरीय विकास एवं आवास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्कूल शिक्षा, उद्यानिकी एवं कृषि सहित 12 से अधिक अन्य विभाग साथ मिलकर जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के कार्य करेंगे। अभियान की थीम %जन सहभागिता से जल स्त्रोतों का संवर्धन एवं संरक्षण% रखी गई है। मुख्यमंत्री ने जल संचय की विभिन्न गतिविधियां संचालित करने जैसे - पौध-रोपण, जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम चलाने, स्कूलों में बच्चों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने, ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब, नदियों पर छोटे बांध निर्माण एवं नदियों के संरक्षण के लिए जलधारा के आसपास फलदार पौधों के रोपण और जैविक खेती को प्रोत्साहित करने, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों पर प्याऊ की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों से भी अपील की है कि वे जल संरक्षण की दिशा में सक्रिय योगदान दें और प्रदेश में अभियान के दौरान इसे एक को जन-आंदोलन बनाएं। जल गंगा संवर्धन अभियान में होंगे महत्वपूर्ण कार्य-पंचायत स्तर पर तालाबों के निर्माण, वन्य जीवों के लिए वन क्षेत्र और प्राणी उद्यानों में जल संरचनाओं के पुनर्विकास के कार्य किये जायेंगे।

## विधानसभा अध्यक्ष तोमर एवं राजस्व मंत्री वर्मा ने मुरैना में स्वास्थ्य शिविर का किया अवलोकन

मुरैना।(आरएनएस)। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने मुरैना जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउण्ड पर स्वास्थ्य कैम्प की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। शिविर में देश एवं विदेश से आये बड़े चिकित्सकों द्वारा गंभीर बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष तोमर एवं मुरैना जिला प्रभारी एवं राजस्व मंत्री वर्मा ने शिविर में लगाये सभी विभागों के ओपीडी जिनमें जनरल, मेडीसन, ऑर्थोपैडिक्स, पीडियाट्रिक, ईएनटी, गायनकलॉजी, सर्जीकल, ऑपथामॉलोजी, डेंटल, यूरोलॉजी, सायकिएट्री, ऑनकोलॉजी, डरमैटलॉजी, पलमुनोरी, हिमाटोलॉजी, पेन मेडीसन, कार्डियोग्राफी, एनसीडी क्लीनिक आदि का अवलोकन किया। इस अवसर पर सांसद विवेक तन्खा, कमलेश कुशवाह, समाजसेवी योगेशपाल गुप्ता, कलेक्टर अंकित अस्थाना, सीईओ जिला पंचायत कमलेश भार्गव सहित रोटरी के पदाधिकारी भूपेन्द्र जैन सहित अन्य पदाधिकारी, चिकित्सक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

भोपाल-राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने प्रदेशवासियों को ईद-उल-फ़ितर की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि ईद का पर्व अमन, एकता और खुशियों का त्योहार है। परस्पर भाई चारे और खुशियों को बांटने का उत्सव है। राज्यपाल श्री पटेल ने अपने संदेश में कहा है कि रमजान का

### मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने दी शुभकामनाएं

# हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर नरेला विधानसभा में भव्य आतिशबाजी



भोपाल (आरएनएस) सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने सभी नागरिकों को हिंदू नववर्ष, चैत्र नवरात्रि एवं गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं दीं। हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर नरेला विधानसभा क्षेत्र में भव्य आतिशबाजी और विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया।

मंत्री श्री सारंग ने अपने संबोधन में कहा, हिंदू नववर्ष हमारे लिए नई ऊर्जा और नई प्रेरणा लेकर आता है। यह पर्व हमें अपने सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने का अवसर प्रदान करता है। मैं सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना करता हूं। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती मालती राय, गणमान्य नागरिक, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन नरेला विधानसभा अंतर्गत प्रभात चौराहे पर किया गया, जहां रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने आसमान को जगमगा दिया। इस अद्भुत नज़ारे को देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उमड़े। आतिशबाजी के साथ भजन संध्या का आयोजन भी किया गया, जिसमें भक्ति रस में सराबोर संगीत प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायकों ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। जयकारों और भजनों की गूंज से समूचा क्षेत्र भक्तिरस में डूब गया।

# महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को दिलाए बेहतर चिकित्सकीय शिक्षा -उप मुख्यमंत्री शुक्ल

भोपाल-(आरएनएस) उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल की अध्यक्षता में बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल की सामान्य सभा की बैठक हुई। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल में अध्यनरत विद्यार्थियों को बेहतर से बेहतर चिकित्सकीय शिक्षा दिलाना सुनिश्चित करें, जिससे विद्यार्थी बेहतर चिकित्सकीय शिक्षा प्राप्त कर अच्छे चिकित्सक बन सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने शहडोल, अनूपपुर एवं उमरिया जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों से %निरोगी काया अभियान% की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत पंजीयन कराया जाए और समय-समय पर महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की जाए।



उन्होंने कहा कि सीएमएचओ एवं बीएमओ इस कार्य को प्राथमिकता से लें तथा गर्भवती महिलाओं की समय-समय पर जांच करने हेतु मैदानी अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित करें तथा वरिष्ठ अधिकारी मॉनिटरिंग भी करें।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि संभागीय मुख्यालय शहडोल के बस स्टैंड से बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय तक के मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य तेजी पूर्ण कराए जिससे आने जाने वाले वाहन सुगमता के साथ और मरीज समय पर मेडिकल कॉलेज तक पहुंचकर अपना इलाज करा सकें। उप मुख्यमंत्री ने मरीजों को मेडिकल कॉलेज में दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली तथा सुचारू सेवा प्रदाय के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने महाविद्यालय में आयुष्मान भारत योजना, जननी सुरक्षा योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम एवं प्रसूति सहायता योजना की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रत्येक योजना का लाभ मरीजों को दिलाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उप मुख्यमंत्री ने चिकित्सा महाविद्यालय में इकोकार्डियोग्राफी, जनरल सर्जरी, टेली मेडिसिन, रेडियो डायग्नोसिस, ब्लड बैंक सहित अन्य डिपार्टमेंट की भी जानकारी ली। विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, श्री जयसिंह मरावी,श्री शरद कोल, कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री राम जी श्रीवास्तव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक उपस्थित थे।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।




हिंदू धर्म में मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित होता है। इस दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भक्त हनुमान जी की पूजा की जाती है। मंगलवार का व्रत मनचाहा वर पाने के लिए रखा जाता है। मंगलवार का व्रत करने से जातक की हर मनोकामना पूरी होती है। वहीं हनुमान जी की कृपा से जीवन के दुख और संकट दूर हो जाते हैं



## अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी

लंबे इंतजार के बाद आखिर, अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर दो अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल के जरिए पृथ्वी पर वापिस आ गए। दोनों एस्ट्रोनॉट जून में केवल आठ दिनों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्टेशन पर गए थे मगर धरती पर वापस लाने वाले वाले यान के खराब होने के कारण नौ महीनों बाद वापसी संभव हुई। स्पेसएक्स एलन मस्क की कंपनी है, जिसका ड्रैगन कैप्सूल फ्लोरिडा के तटीय समुद्र में उन्हें लेकर सत्रह घंटों में सुरक्षित गिराया गया। नासा की लाइव तस्वीरों द्वारा दुनिया भर में बेसब्री से इंतजार कर रहे लोगों ने अंतरिक्ष यात्रियों को देखा। अंतरिक्ष में तकरीबन 286 दिन बिताने वाले इन यात्रियों ने प्रति दिन सोलह बार सूर्योदय और सूर्यास्त देखा। जांच के बाद विशेषज्ञों का कहना है कि उनका स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक है। हालांकि वे कुछ समय के लिए रिकवरीशिप में रहेंगे। उसके बाद परिवार से मिलने की इजाजत दी जाएगी। फिर वे अपने अनुभव विशेषज्ञों से बांटेंगे और लंबी छुट्टी पर चले जाएंगे। अंतरिक्ष में रहने का वक्त अधिकतम छह माह माना गया है, मगर सुनीता और बुच को नौ माह रहना पड़ा जिसका शरीर पर गहरा असर होता है। गुरुत्वाकर्षण शून्य होने के कारण खून का प्रवाह प्रभावित होता है और हड्डियां/मांसपेशियां कमजोर होती जाती हैं। हालांकि यह धरती के वातावरण में आते ही प्राकृतिक रूप से सामान्य होता जाएगा। इसका मानसिक सेहत पर भी गहरा असर हो सकता है क्योंकि बार-बार यात्रियों के पृथ्वी पर लौटने की उम्मीदें नाममात्र रहने ने इन्हें बुरी तरह अवश्य प्रभावित किया होगा। नासा ने बाताया कि इस दरम्यान विलियम्स ने 150 वैज्ञानिक प्रयोग किए और नौ सौ घंटे रिसर्च में बिताए जो अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के लिए मददगार साबित हो सकते हैं।

# बिहार की राजनीति में छोटी छोटी पार्टियां ला सकती हैं बड़ा बदलाव

भारतीय राजनीति में बिहार को सियासी प्रयोगशाला समझा जाता है। यहां पर कई ऐसे दिग्गज राजनेता हुए, जिसे चुनावी मौसम विज्ञानी तक करार दिया गया। इनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. रामविलास पासवान और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम अग्रगण्य है। चूंकि बिहार विधानसभा 2025 के लिए अक्टूबर-नवम्बर में चुनावी होने हैं, इसलिए यह महत्वपूर्ण चुनावी साल भी है, जिसके दृष्टिगत सभी राजनीतिक दल अपने अपने समीकरण बनाने में जुट गए हैं।

यूँ तो राज्य में कुल 243 सीटें हैं और दो बड़े गठबंधन हैं। जिनमें भाजपा और जेडीयू आदि की भागीदारी वाला एनडीए अभी सत्ता में है और कांग्रेस व आरजेडी आदि की भागीदारी वाला महागठबंधन विपक्ष में है। वहीं, दोनों ही गठबंधन में कुल 10 महत्वपूर्ण राजनीतिक पार्टियां हैं, जो जाति-धर्म-क्षेत्र के आधार पर या फिर कहें कि खुद को सत्ता में बनाए रखने की संभावनाओं के आधार पर भारी उलटफेर करती रहती हैं, जिससे भाजपा और कांग्रेस जैसे बड़े दलों का सियासी कद भी उनके सहयोगियों की जिद्द के समक्ष बौना नजर आता है। यहां की राजनीति में जदयू सुप्रीमो व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गठबंधन में उलटफेर का ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है कि बिहार के कई सारे सियासी रिकॉर्ड को उन्हें ध्वस्त कर अपने नाम कर लिया है।

वहीं, नीतीश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री व राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की सियासी हनक से प्रेरणा लेते हुए कई ऐसे राजनीतिक दल अस्तित्व में आए हैं, जो अपने अपने इलाकों में अच्छे-खासे सक्रिय नजर आ रहे हैं और किसी भी प्रतिद्वंद्वी के सियासी भविष्य को मटियामेट करने लायक व्यापक प्रभाव रखते हैं। इनमें नवस्थापित जनसुराज पार्टी के सर्वेसर्वा प्रशांत किशोर के अलावा पुष्पम प्रिया, असदुद्दीन ओवैसी और आरसीपी सिंह आदि की पार्टी प्रमुख है, क्योंकि ये नेता ना तो लालू यादव-कांग्रेस के खेमे से जुड़े हैं और ना ही नीतीश कुमार-बीजेपी के खेमे में हैं।

इसलिए यह समझा जा सकता है कि 2025 के विधानसभा चुनाव में इन नेताओं की पार्टियां किसी तीसरे मोर्चे के रूप में उभर रही हैं, जो पारंपरिक गठबंधनों से अपनी अलग और अलहदा पहचान बनाने की कोशिश में जुटी हुई हैं। कहने का तातपर्य यह कि ये दल स्वतंत्र रूप से अपनी अपनी राजनीतिक गतिविधियों में लगे हुए हैं, जो यदि बिहार विधानसभा की 10-20 प्रतिशत सीटें भी जीतने में कामयाब हो गए तो नीतीश कुमार और लालू प्रसाद का रिमोट कंट्रोल अपने हाथ में रखने में सफल होंगे।

भारतीय इतिहास में चंपारण आंदोलन के बाद महात्मा गांधी जिस तरह से पूरे देश में चमके और सम्पूर्ण क्रांति के बाद जयप्रकाश नारायण जिस तरह से समूचे राष्ट्र में लोकप्रिय हुए, उससे यहां की सियासी हवा को समझा जा सकता है। वैसे भी हिंदी पट्टी की राजनीति गैर कांग्रेस और गैर भाजपा राजनीति के लिए मुफीद समझी जाती है, जबकि लंबे समय तक कांग्रेस ने और फिर भाजपा ने इसे मनमाफिक हांका है। लालू प्रसाद और नीतीश कुमार इसी सियासी दांवपेंच की सफल पैदाइश समझे जाते हैं। हालांकि, बिहार की नई पीढ़ी अब इस तरह की घाती-प्रतिघाती राजनीति से ऊब चुकी है। इसलिए साल 2025 में वहां कुछ नया करिश्मा हो जाए तो कोई हैरत की बात नहीं होगी। आप मानें या न मानें, लेकिन बिहार की राजनीति को पड़ोसी प्रान्त उत्तरप्रदेश, झारखंड और पश्चिम बंगाल और पड़ोसी देश नेपाल व बंगलादेश की राजनीति भी प्रभावित करती है। पाकिस्तान और अरब देशों की सियासत का प्रभाव भी बैक डोर से यहां की राजनीति पर पड़ती है, इसलिए यहां की राजनीति को एकतरफा रूप से प्रभावित करने में कभी लालू प्रसाद सफल हुए तो कभी नीतीश कुमार। अब आगे की लड़ाई उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी (भाजपा), पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव (राजद), चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर (जनसुराज पार्टी) और युवा तुर्क नेता कन्हैया कुमार (कांग्रेस) के बीच यदि सिमट जाए तो किसी के लिए हैरत की बात नहीं होगी। वैसे भी सम्राट चौधरी का सियासी ग्राफ सबसे ऊपर चल रहा है, क्योंकि आरएसएस और भाजपा, दोनों को उनमें अपना सियासी भविष्य दिख रहा है। नीतीश कुमार के स्वाभाविक विकल्प के तौर पर वो उभरे हैं।

आपकी सियासी याद तरोताजा कर दें कि बिहार में 2020 के विधानसभा चुनाव में 212 पार्टियों ने हिस्सा लिया था, जबकि 2024 के लोकसभा चुनाव में 96 पार्टियां मैदान में उतरी थीं। यह बात अलग है कि 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में दर्जनों पार्टियां ऐसी थीं, जिन्होंने सिर्फ एक-एक सीट पर ही अपने उम्मीदवार उतारे थे। वहीं, कई पार्टियों ने 2, 3, 4, 5, 6 उम्मीदवारों को टिकट दिए थे। इससे राजद को परोक्ष लाभ मिला था, जिससे वह मजबूत तो हुई लेकिन सत्ता तक नहीं पहुंच पाई। तब बिहार में एनडीए की सरकार बनी, ब्रेक के बाद अभी भी वहां पर एनडीए की ही सरकार है। क्योंकि 2020 के चुनाव में एनडीए ने 125 और महागठबंधन ने 110 सीटें जीती थीं। लेकिन कुशल सियासी रणनीति वश वर्तमान में एनडीए के खेमे में 129 विधायक हैं, जिनमें बीजेपी के 80, जेडीयू के 45 और जीतनराम मांझी की हम (ॅरू) पार्टी के 4 विधायक हैं।

## आईपीएल में हो रही है चौकों-छक्कों की बरसात, कौन बनेगा चैम्पियन

आईपीएल का 18वां सत्र आरंभ हो चुका है। भारत के क्रिकेट इतिहास में आईपीएल की लोकप्रियता चरम पर है। हर साल गर्मियों में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में देश की प्रतिष्ठा भले ही दांव पर न हो लेकिन खिलाड़ियों को मालामाल करने के लिए यह काफी है। आईपीएल यानी इंडियन प्रीमियर लीग देश का एक ब्रांड बन चुका है। इसमें हर खिलाड़ी भाग लेना चाहता है। वजह, बहुत कम समय में लखपति या करोड़पति बनने का यह सुनहरा अवसर है। हम सब जानते हैं कि विभिन्न टीमों में खिलाड़ियों को चुनने के लिए ऊंची बोलियां लगती हैं। अच्छे खिलाड़ियों को अपने पाले में करने के लिए फ्रैंचाइजी कंपनियां करोड़ों रुपये न्योछावर कर देती हैं। इस बार भी नीलामी में कई खिलाड़ियों के लिए कंपनियों में होड़ रही। मसलन, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के लिए सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच जमकर होड़ रही। आखिरकार लखनऊ ने 27 करोड़ रुपये में पंत को अपने साथ जोड़ लिया। हालांकि, अभी तक खेले गए दो मैचों में वह कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं।

कई खिलाड़ियों ने इस बार पाला बदल लिया है। पिछले सत्र तक जो खिलाड़ी जिस टीम में थे वे अब दूसरी टीम के साथ खेलते नजर आ रहे हैं। इसी नाते कई टीमों के नए कप्तान भी दिख रहे हैं। पिछली बार की विजेता टीम कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर इस बार पंजाब की टीम से जुड़ गए हैं। वह इस टीम के नए कप्तान हैं। पंजाब किंग्स ने उन्हें 26.75 लाख रुपये में खरीदा है। आईपीएल की नीलामी ने साल- दर- साल व्यापक रूप ले लिया है। इस नीलामी से क्रिकेट के खेल में भारत के एक बड़ी ताकत होने और अपने देश में क्रिकेट का विशाल बाजार होने का पता चलता है। यही कारण है कि अपने यहां आईपीएल की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। देखना यह है कि इस बार कौन सी टीम चैम्प्यनि बनेगी?

## रचनात्मकता की नई परिकल्पना: भारत का वेव्स शिखर सम्मेलन 2025 किस प्रकार वैश्विक मनोरंजन को नया रूप देगा

चैतन्य प्रसाद

प्रामाणिक कहानियों और रचनात्मक मनोरंजन की भूखी दुनिया में, भारत वैश्विक मीडिया परिदृश्य में क्रांति लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) महज मीडिया और मनोरंजन से जुड़ा एक हितधारक भर नहीं है - यह एक ऐसे परिवर्तनकारी दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है जो दुनिया भर में रचनाकारों, नीति-निर्माताओं और दर्शकों के कंटेंट के साथ जुड़ने के तौर-तरीके को नए सिरे से परिभाषित करेगा। आगामी 1-4 मई, 2025 को मुंबई में आयोजित होने वाला वेव्स, संभवत: सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा रचनाकारों के इकोसिस्टम के लिए शुरू की गई एक ऐसी बेहद दूरदर्शी पहल के रूप में उभर कर सामने आया है, जो मनोरंजन के वैश्विक मंचों के लिए एक नया स्वर्णिम मानक स्थापित करेगा। दशकों से भारत कहानी कहने की कला के क्षेत्र में एक महाशक्ति रहा है और अपनी फिल्मों, संगीत एवं डिजिटल कंटेंट के जरिए दुनिया को मंत्रमुग्ध करता रहा है। फिर भी, अपने विशुद्ध रचनात्मक सृजन के बावजूद, इस देश ने शायद ही कभी वैश्विक मनोरंजन उद्योग में भागीदारी की शर्तों को निर्धारित किया है। वेव्स उस कहानी को बदलना चाहता है। इसका नाता सिर्फ भारतीय रचनात्मकता को प्रदर्शित करने भर से नहीं है ङ्क इसका सरोकार मीडिया, मनोरंजन और प्रौद्योगिकी के इर्द-गिर्द होने वाली वैश्विक बातचीत को आकार देने से है। यदि दावोस आर्थिक नीति का केंद्र है और कान्स सिनेमा का मंदिर है, तो वेव्स का उद्देश्य नवाचार के सृजन और प्रमुख हितधारकों के सहयोग - कलात्मक प्रतिभा के संगम - के जरिए मनोरंजन के भविष्य को परिभाषित करना है। वेव्स का वास्ता सिर्फ बड़े फलक वाली रणनीति से नहीं है ङ्क इसका संबंध रचनाकारों, व्यवसायों और निवेशकों के लिए वास्तविक अवसर उपलब्ध कराने से है।

'भारत पैवेलियन' भारत की कहानी कहने की विरासत का उत्सव मनाएगा। इसमें प्राचीन महाकाव्यों एवं लोककथाओं से लेकर एआई-संचालित कंटेंट और मोहित कर देने वाली डिजिटल कहानी कहने की कला तक के इसके विकास को दर्शाया जाएगा। इसके जरिए भारत द्वारा विश्व को बताया जा रहा है कि: हमारी कहानियां भले ही कालातीत हैं, लेकिन कहानी कहने की हमारी शैली अत्याधुनिक है। वहीं 'वेव्स बाज़ार', जो अपनी तरह का पहला सालोंभर खुला रहने वाला वैश्विक कंटेंट बाजार है, कंटेंट की खरीद, बिक्री और वितरण के तरीके को बदलने के लिए तैयार है। पारंपरिक समारोह-संचालित अधिग्रहण मॉडल से आगे बढ़ते हुए, यह डिजिटल-प्रथम प्लेटफॉर्म निरंतर वैश्विक लेनदेन को संभव बनाएगा। इससे भारत और अन्य देशों के रचनाकारों को हमेशा सक्रिय रहने वाले मुद्रीकरण इकोसिस्टम तक पहुंच हासिल होना यह सुनिश्चित होगा। हाल ही में ड्यून: पार्ट टू द्वारा भारत के महत्वपूर्ण वीएफएक्स योगदान के साथ सर्वश्रेष्ठ दृश्य प्रभाव के लिए 2025 का ऑस्कर जीतने जैसी सफलताओं, जो हमारी रचनात्मक क्षमता का उदाहरण है, को वेव्स वैश्विक मंच पर प्रदर्शित और पोषित करना चाहता है।

## चैत्र नवरात्र व्रत से घर आती है सुख-समृद्धि

शारदीय नवरात्रि का विशेष महत्व है। चैत्र नवरात्रि देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना का पर्व है, जो हर वर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से आरंभ होता है। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि का आरंभ 30 मार्च 2025 (रविवार) को होगा और इसका समापन 6 अप्रैल 2025 (रविवार) को होगा।

हिंदू धर्म में नवरात्र के पर्व का विशेष महत्व होता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्र शुरू हो जाती है। नवरात्र पर देवी दुर्गा का नौ अलग अलग स्वरूपों की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जाती है तो आइए हम आपको चैत्र व्रत का महत्व एवं पूजा विधि के बारे में बताते हैं। चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 30 मार्च से हो रही है, जिसका समापन 6 अप्रैल को होगा. नवरात्रि के नौ दिन मां दुर्गा के नौ अलग-अलग रूपों को समर्पित होते हैं। 30 मार्च का दिन रविवार है यानी इस बार नवरात्र रविवार से शुरू हो रहे हैं, इसलिए माता हाथी पर सवार होकर आएंगी। शास्त्रों में देवी की हाथी की पालकी को बहुत शुभ माना गया है। इसके साथ ही नवरात्रि पर अमृत सिद्धि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग बन रहा है,

## देश में जलवायु परिवर्तन-नई नीति की दरकार

राकेश दुबे

और भारतीय रिजर्व बैंक के मार्च बुलेटिन में प्रकाशित एक अध्ययन में भी एक गंभीर चिंता जताई गई है, जो देश में वर्षा के वितरण में तेजी से आ रहे बदलाव और खाद्यान्न फसलों पर इसके असर से जुड़ी है। अध्ययन कहता है कि भारतीय कृषि अब भी काफी हद तक मॉनसून पर निर्भर है। आधुनिक सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और जलवायु परिवर्तन से बेअसर रहने वाले नई किस्मों के बीज तैयार होने से राहत तो मिली है मगर मॉनसूनी बारिश अब भी निर्णायक होती है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के दौरान होने वाली वर्षा खरीफ सत्र में कृषि उत्पादन के लिए बेहद जरूरी है।

वर्षा का तरीका बदलने या सूखे जैसी स्थिति से फसल उगाने का चक्र बिगड़ जाता है और कीटों एवं पौधों से जुड़ी बीमारियों की समस्या भी बढ़ जाती है। पर्याप्त और समान वर्षा होने से कृषि उत्पादकता बढ़ जाती है। मॉनसून में अच्छी बारिश रबी सत्र के अनुकूल होती है। मिट्टी में पर्याप्त नमी रहने और जलाशयों में पानी का स्तर अधिक रहने से गेहूं, सरसों और दलहन जैसी फसलों की बोआई के लिए आदर्श स्थिति तैयार होती है।

खरीफ सत्र में मोटे अनाज, तिलहन, दलहन और चावल की उपज में सालाना वृद्धि के आंकड़े देखें तो जिस साल दक्षिण पश्चिम मॉनसून सभी फसलों के लिए बेहतर रहा उस साल उत्पादन भी ज्यादा रहा। लेकिन अतिवृष्टि ने मक्के और तिलहन की उपज बिगाड़ी। अध्ययन में कहा गया है कि उत्पादन इस बात पर भी निर्भर करता है कि मॉनसूनी बारिश कब आती है। उदाहरण के लिए जून और जुलाई में कम बारिश मक्का, दलहन और सोयाबीन के लिए खास तौर पर नुकसानदेह होती है क्योंकि मिट्टी में नमी कम होने के कारण बोआई अटक जाती है और पौधों की शुरुआती बढ़वार पर भी असर पड़ता है।

इसी तरह कटाई के समय अत्यधिक वर्षा से तिलहन उत्पादन घट जाता है। पिछले साल मॉनसून में शानदार वर्षा और सटीक ठंड रहने से चालू वित्त वर्ष में फसलों का उत्पादन बेहतर रहने की उम्मीद है। अनुमान है कि पिछले साल के मुकाबले खरीफ का उत्पादन 7.9 प्रतिशत और रबी का 6 प्रतिशत बढ़ सकता है। भारतीय मौसम विभाग ने 2025 के लिए मॉनसून के अनुमान जारी नहीं किए हैं मगर विश्व मौसम विज्ञान संगठन का अनुमान है कि भारत में इस साल वर्षा सामान्य या इससे अधिक हो सकती है। ध्यान रहे कि जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश के पैटर्न में आने वाले बदलाव कृषि उत्पादन पर ज्यादा असर डाल सकते हैं।

## अखण्ड सौभाग्य के लिए सुहागिन महिलाएं 31 मार्च को रखेंगी गणगौर का व्रत

गणगौर का पर्व राजस्थान और भारत की भूमि के लिए बड़ा ही पवित्र और सुखद त्यौहार माना जाता है। इस पर्व को भारत में अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग नामों से भी जाना जाता है। यह पर्व मां पार्वती को समर्पित है और इस पर्व में उन्हीं की पूजा की जाती है। खास तौर से राजस्थान में गणगौर का बेहद ही महत्व है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि गणगौर का पर्व हर वर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस बार यह तिथि 31 मार्च 2025 को है। गणगौर की पूजा चैत्र नवरात्रि के तीसरे दिन की जाती है। इस दौरान सुहागन और कुंवारी कन्याएं माता पार्वती और शिवजी की पूजा करती हैं और पति की लंबी उम्र के लिए कामना करती हैं। इस पर्व की खास रौनक राजस्थान में देखने को मिलती है। राजस्थान के अलावा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा और गुजरात के कुछ इलाकों में भी यह पर्व मनाया जाता है।

## सीरिया में गृह युद्ध की आशंका बढ़ी

डॉ. ब्रह्मदीप अलूने

राजनीतिक अस्थिरता, धार्मिक हिंसा, चरमपंथ, आतंकवाद और विदेशी हस्तक्षेप सीरिया की प्रमुख समस्या रही हैं, और लगता है कि असद के पतन के बाद भी मध्य-पूर्व के इस देश में शांति लौटती हुई दिखाई नहीं दे रही है।

असद के समर्थकों को मोहम्मद अल-जुलानी पर भरोसा नहीं है, और उनकी आशंका सच भी साबित हुई है। अल्पसंख्यक अलावी समुदाय के हजारों लोगों को मार दिया गया है। ऐसे तथ्य सामने आए हैं कि हयात तहरीर अल-शाम के सुरक्षा बलों को पूर्व राष्ट्रपति असद के समर्थकों से लडऩे के लिए भेजा गया है।

सीरियाई सुरक्षा बलों द्वारा सीरियाई तट के गांवों और इलाके के लोगों की हत्या, कब्जा और यातना के कई वीडियो सामने आ रहे हैं, जिन्हें लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहरी चिंता जताई जा रही है। सीरिया की अंतरिम सरकार ने देश के तटीय इलाकों लताकिया और टार्टस में बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया है। लताकिया में अलावाइट्स, सुन्नी मुस्लिम और ईसाई जैसे जातीय और धार्मिक समूह रहते हैं। लाताकिया सीरिया का अलावाइट बहुल क्षेत्र है, और यहां अलावाइट समुदाय का विशेष प्रभाव है। टार्टस सीरिया के पश्चिमी तट पर स्थित है, और यहां अलावाइट समुदाय की अधिकता है। यह इलाका बशर अल-असद का प्रमुख गढ़ माना जाता है। देश के तटीय इलाकों में अलावी और ईसाई अल्पसंख्यक समुदाय पर सुरक्षा बलों के हमलों का असर देश के दूसरे कई इलाकों पर पड़ रहा है, और इससे तनाव गहरा गया है।

मोहम्मद अल-जुलानी देश में बाहरी हस्तक्षेप रोकने की बात कह रहे थे लेकिन उनके कदम ठीक इससे उलट दिखाई दे रहे हैं। सीरिया की सरकार ने देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने और पेशेवर सेना तैयार करने के लिए देश के सशस्त्र बलों में उइगर, जॉर्डनियन और तुर्क सहित कुछ विदेशी लड़ाकों को प्रमुख जिम्मेदारियां सौंपी हैं। उनका यह कदम अन्य जातीय-धार्मिक समूहों के लिए विचलित करने वाला है। जुलानी का आईएस से गहरा संबंध रहा है, और दुनिया के इस सबसे दुर्दांत आतंकी संगठन का किसी देश में सीमा पर कोई विश्वास नहीं है, आईएस को विदेशी लड़ाकों की सुस्थापित सैन्य इकाई माना जाता है। जुलानी ने आईएस से अलग होकर ही हयात तहरीर अल-शाम नामक गुट बनाया था और वे खुद को उदार नेता के रूप में प्रस्तुत कर सीरिया के कई जातीय समूहों का विश्वास जीतने में सफल भी हो सके। लेकिन अब जब देश की कमान उनके हाथ में आई तो उन्हें लेकर आशंकाएं भी कम नहीं हैं।

एचटीएस की स्थापना 2011 में एक अलग नाम, जबात अल-नुसरा के तहत अल-कायदा के प्रत्यक्ष सहयोगी के रूप में की गई थी। स्वयंभू इस्लामिक स्टेट का नेता अबू बक्र अल-बगदादी भी इसके गठन में शामिल था। अल-जुलानी ने सार्वजनिक रूप से अल कायदा और इस्लामिक स्टेट से नाता तोड़ लिया है, लेकिन वे सुन्नी मुसलमान हैं, जो खलीफाओं के प्रभुत्व को स्वीकार करते हैं।

खलीफा अरबी भाषा में ऐसे शासक को कहते हैं, जो किसी इस्लामी राज्य या अन्य शरिया से चलने वाली राजकीय व्यवस्था का शासक हो। यह इस्लाम की पारंपरिक और प्राचीन विचारधारा है, जिस पर बहुसंख्यक सुन्नी भरोसा करते हैं। दुनिया में आईएस के उभार के केंद्र में इस विचारधारा को रखा गया जब एक दशक पहले इस्लामी चरमपंथी संगठन आईएस ने इराक और सीरिया में अपने कब्जे वाले इलाकों में खिलाफत यानी इस्लामी राज्य का ऐलान किया। शिया मुसलमान इतिहास की इस व्याख्या को स्वीकार नहीं करते।

असद के जाने के बाद शिया गहरे दबाव में हैं। अलावी, इस्माइलिस और अन्य शिया सीरिया की आबादी का करीब तेरह फीसद हिस्सा हैं। बशर अल-असद सरकार के पतन से पहले उनकी शासन व्यवस्था में सकारात्मक स्थिति मौजूद थी। हयात अल-शाम को सुन्नियों का संगठन माना जाता है, यदि इस विद्रोही संगठन ने शियाओं को निशाना बनाने की कोशिश की तो सीरिया में ईरान और तुर्की के हित भी टकराएंगे। सीरिया में तुर्की ईरान की जगह ले सकता है।

सीरिया की बाईस मिलियन आबादी में से दसवां हिस्सा ईसाइयों का है। रूस खुद को बीजान्टिन साम्राज्य और उसकी रूढ़िवादी ईसाई धार्मिक विरासत के प्राकृतिक उत्तराधिकारी के रूप में देखता है, जो सीरियाई रूढ़िवादी ईसाई चर्च से बहुत जुड़ा हुआ है। वहीं अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत करने के लिए भी रूस सीरिया में बने रहना चाहता है, जिससे वह पूर्वी भूमध्य सागर, दक्षिणी यूरोप और उत्तरी अफ्रीका तक अपनी मौजूदगी को बढ़ा सके। भूमध्य सागर में रूस की रणनीति तीन प्रमुख लक्ष्यों पर केंद्रित है, भूमध्य सागर की भौगोलिक स्थिति का लाभ उठा कर अपनी सुरक्षा में सुधार करना, भूमध्य सागर में अपनी स्थिति का उपयोग करके अमेरिका के लिए एक वैकल्पिक विश्व शक्ति के रूप में रूस की स्थिति को बढ़ाना और सीरिया में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना। रूस का काला सागर बेड़े के लिए एकमात्र भूमध्यसागरीय नौसैनिक अड्डा सीरिया के बंदरगाह शहर टार्टस में स्थित है। टार्टस सीरिया के पश्चिमी तट पर स्थित है, और यहां अलावाइट समुदाय की अधिकता है। अब अलावी समुदाय के लोग रूस से सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं। सीरिया में रूस, तुर्की, ईरान, सऊदी अरब और अमेरिका का गहरा दखल है। तुर्की सीरिया की वर्तमान सुन्नी सरकार को समर्थन देकर कुदरे पर दबाव बढ़ा रहा है।

सीरिया में तुर्की की प्राथमिक रुचि उत्तरी सीरिया में कुर्द समूहों से लडऩे के लिए एक बफर जोन और एक पुलहेड बनाने की रही है। उत्तरी सीरिया के कुर्द बल में कुर्दिश पीपुल्स प्रोटेक्शन यूनिट्स मिलीशिया का दबदबा है। तुर्की इसे अपनी सीमा पर मौजूद खतरे की तरह देखता है। तुर्की कुदरे के एक हिस्से को आतंकवादी समूह बताता है। असद को ईरान का समर्थन हासिल था लेकिन अब तुर्की समर्थक सरकार बनने से मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक परिदृश्य बदल गया है। मोहम्मद अल-जुलानी को अपने देश में शांति की स्थापना के लिए विदेशी हस्तक्षेप को रोकना होगा और सभी वगरे से बातचीत कर सर्वमान्य सरकार बनाना होगा। फिलहाल, जुलानी आर्दोआन के हितों को आगे बढ़ा रहे हैं,

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज तरक्की के नये रास्ते खुले नजर आयेंगे। शाम तक अच्छी खबर मिलने की संभावना बन रही है। आप माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जायेंगे।

वृष राशि: आज करियर के मामले में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में धन लाभ के अवसर मिलेंगे। बिजनेस मैन को काम में बेहतर अपॉर्चुनिटिज़ मिलेगी।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। दाम्पत्य रिश्ते की दूरियां खत्म होगी, रिश्ते में मधुरता आयेगी। बिजनेस में किसी काम को लेकर उलझ सकते हैं, लेकिन किसी अनुभवी की सलाह से जल्द ही सब ठीक हो जायेगा।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको अपनी प्रतिष्ठा में वृद्धि लाने के लिए कई अवसर प्राप्त होंगे। आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए अग्रसर रहेंगे।

सिंह राशि: आज आपको लाभ के कई अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग जॉब की तलाश कर रहे हैं, उन्हें जॉब पाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। केमिस्ट्री स्टूडेंट्स के लिए दिन मिला-जुला रहने वाला है।

कन्या राशि: आज आपका दिन कुछ खास लेकर आने वाला है। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। किसी जरुरी काम में थोड़ी सी मेहनत करने से ही सफलता मिल जायेगी। लवमेट के लिए दिन फेवरेबल रहने वाला है,

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज मन स्थिर न होने की वजह से आप थोड़े उलझे हुए नज़र आयेंगे, लेकिन शाम तक आप बेहतर महसूस करेंगे।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज अच्छे प्रदर्शन का प्रभाव आपके करियर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

धनु राशि: आज पैसों से जुड़ा मामला आसानी से सुलझ जायेगा। आज दिनभर उत्साह और कॉन्फिडेंस रहेगा। आपको कुछ नई चीज़ों से जुड़ाव महसूस होगी।

मकर राशि: आज आपकी सेहत पहले की अपेक्षा अच्छी रहेगी। आज का दिन खुद में बदलाव लाने के लिये अच्छा है। करियर में आपकी सफलता सुनिश्चित होगी। आज आपको घर के वरिष्ठ लोगों का सहयोग प्राप्त होगा।

कुंभ राशि:आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन प्राप्त होगा। नौकरीपेशा लोगों को काम में सफलता हासिल होगी। आपके रुके हुए काम आज जरूर पूरे होंगे। ऑफ़िस में किसी बड़े अधिकारी का सहयोग मिलेगा।

मीन राशि:आज करियर के मामले में चीज़ें बेहतर होने के आसार हैं। आप अपना काम अच्छे से पूरा करने की कोशिश करेंगे। आज आप जीवनसाथी के साथ घूमने जायेंगे, उनके लिए खरीदारी भी करेंगे।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बिहार के गोपालगंज जिले में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल ( राजद ) सुप्रीमो लालू प्रसाद पर निशाना साधा। शाह ने साफ तौर पर कहा कि जो लोग गायों का चारा खाते हैं, वह बिहार के लोगों के कल्याण के बारे में नहीं सोच सकते। गोपालगंज जिले में जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, केंद्र और बिहार दोनों जगह की राजग सरकारें राज्य के समग्र विकास के लिए काम कर रही हैं।

# ईद पर दिल्ली और मुंबई में हो सकते हैं हिंदू-मुस्लिम दंगे, बम विस्फोट की भी चेतावनी; प्रशासन में मचा हड़कंप

नई दिल्ली (आरएनएस)। ईद के दौरान दिल्ली और मुंबई में बम विस्फोट व दंगों की चेतावनी मिली है। सोशल मीडिया में एक पोस्ट के माध्यम से पुलिस को चेतावनी दी गई है। मुंबई में पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पोस्ट में कहा गया है कि 31 मार्च और 1 अप्रैल को ईद के दौरान कुछ विशेष क्षेत्रों में हिंदू-मुस्लिम दंगे, आगजनी और बम विस्फोट हो सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पोस्ट में नवी मुंबई पुलिस के हैंडल को टैग किया गया। इसमें चेतावनी डोंगरी जैसे इलाकों को लेकर जारी की गई। कहा गया कि यहां कुछ अवैध रोहिंग्या, बांग्लादेशी या पाकिस्तानी घुसपैठियां ऐसी हरकत को अंजाम दे सकते हैं। पोस्ट के बाद नवी मुंबई में पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है।

फ्री प्रेस जर्नल के मुताबिक साइबर सेल सोशल मीडिया पोस्ट करने वाले व्यक्ति की जानकारी जुटाने में लगा है। तकनीकी जांच की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक डोंगरी इलाके में पुलिस ने गश्त बढ़ा दी है। अभी तक कुछ भी संदिग्ध गतिविधि नहीं मिली है।

पुलिस ने कहा कि मुंबई पुलिस के जवानों के अलावा अपराध शाखा, आतंकवाद निरोधक दस्ता और विशेष शाखा की कड़ी निगरानी में हैं। मुंबई पुलिस ने लोगों को आश्वासन दिया है कि सख्त सुरक्षा उपाय अपनाए गए हैं। स्थिति पर बारीकी से नजर हैं और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कानून-व्यवस्था बनी रहे। शख्स ने पोस्ट किया, 'मुंबई पुलिस सतर्क रहें! 31 मार्च-1 अप्रैल 2025 को ईद के दौरान कुछ अवैध रोहिंग्या/बांग्लादेशी/पाकिस्तानी घुसपैठिए, जो डोंगरी जैसे इलाकों में रहते हैं, हिंदू-मुस्लिम दंगे, आगजनी व बम धमाके कर सकते हैं।' नवी मुंबई पुलिस ने पोस्ट का जवाब दिया और लिखा कि संपर्क करने के लिए धन्यवाद। कृपया अपने पोस्ट के संबंध में अधिक जानकारी के लिए अपना मोबाइल नंबर भेजें।

मुंबई पुलिस को चेतावनी जारी करने वाले व्यक्ति ने ही दिल्ली सरकार को भी अलर्ट किया है। उसने अपने एक्स पोस्ट में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता, दिल्ली और यूपी पुलिस को टैग किया। शख्स ने लिखा कि दिल्ली सीएम, दिल्ली पुलिस और यूपी पुलिस कृपया सतर्क रहें! 31 मार्च-1 अप्रैल 2025 को ईद के दौरान कुछ अवैध रोहिंग्या/बांग्लादेशी/पाकिस्तान मुसलमान चांदनी चौक, जामा मस्जिद, जहांगीरपुरी में हिंदू-मुस्लिम दंगा या बम धमाके कर सकते हैं।

**रमजान में भेड़ों की भारी डिमांड, 2 करोड़ की बिकी भेड़ें**

सलेम (आरएनएस)। तमिलनाडु के सलेम जिले में वीरगनूर मवेशी बाजार में रमजान के दौरान खूब रौनक रही। यहां 2,000 से ज्यादा भेड़ें बिकीं और कुल कारोबार 2 करोड़ रुपये से अधिक हुआ। यह बाजार 100 साल से भी ज्यादा पुराना है और तमिलनाडु के सबसे बड़े मवेशी बाजारों में से एक है। रमजान के मौके पर भेड़ों की बिक्री से व्यापारियों और पशुपालकों के चेहरे पर खुशी छा गई।

बाजार में सेमराई, थलैसेरी और नट्टिनाडु जैसी कई नस्लों की भेड़ें बिक्री के लिए लाई गईं। इनकी कीमत 3,500 रुपये से लेकर 25,000 रुपये प्रति भेड़ तक रही। अलग-अलग कीमतों की वजह से हर तरह के खरीदारों ने यहां से खरीदारी की। रमजान के दौरान भेड़ों की डिमांड बढ़ने के कारण बाजार में भीड़ रही और कारोबार उम्मीद से भी ज्यादा हुआ। वीरगनूर मवेशी बाजार भेड़ व्यापार का बड़ा केंद्र है। यहां सलेम के अलावा नमक्कल, इरोड, कल्लकुरिची, विल्लुपुरम, तिरुचि, मदुरै, थेनी और रामनाथपुरम जैसे कई जिलों से खरीदार और विक्रेता पहुंचे। बाजार में सुबह से ही चहल-पहल शुरू हो गई थी। पशुपालक अपनी भेड़ें लेकर आए, जबकि खरीदार रमजान के लिए तैयारियाँ करने बाजार पहुंचे। इस मौके पर बाजार में सौदेबाजी और खरीद-फरोख्त का जोरदार माहौल देखने को मिला।




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में एनजीटी द्वारा आयोजित पर्यावरण 2025 पर राष्ट्रीय सम्मेलन में एक समूह फोटो के लिए पोज देती हुई।



भारतीय वायुसेना का सी-130जे विमान टेंट, कंबल, भोजन के पैकेट, स्व%छता किट, जनरेटर और आवश्यक दवाओं सहित 15 टन राहत सामग्री लेकर नई दिल्ली से म्यांमार के भूकंप प्रभावित क्षेत्रों के लिए एएफएस हिंडन से रवाना हुआ।

# नागरिकों के लिए उन्हीं की भाषा में शिकायतें दर्ज करवाना होगा आसान, सरकार उठाने जा रही ये बड़ा कदम

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) ने केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) के लिए एक मल्टीमॉडल, बहुभाषी (मल्टीलिंग्वल) ई-गवर्नेंस समाधान लागू करने के लिए डिजिटल इंडिया 'भाषिणी' के साथ सहयोग की घोषणा की है। यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशों के तहत उठाया गया है ताकि शिकायत निवारण प्रणालियों में गुणात्मक सुधार लाया जा सके और नागरिकों के लिए अधिक संवेदनशील, सुलभ और सार्थक बनाया जा सके। मल्टीमॉडल, बहुभाषी समाधान के साथ, यह परिकल्पना की गई है कि नागरिक सीपीजीआरएएमएस पोर्टल पर 22 क्षेत्रीय भाषाओं के माध्यम से आसानी से शिकायत दर्ज करा सकेंगे। नागरिक शिकायत दर्ज करने के लिए अपनी क्षेत्रीय भाषा में बोल कर आवाज का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह समाधान सीपीजीआरएएमएस पोर्टल पर पहुंच और नेविगेशन को भी आसान बनाएगा। सरकार ने कहा कि डीएआरपीजी-भाषिणी के इस सहयोग से नागरिकों के लिए अधिक कुशल, सुलभ और उत्तरदायी शासन प्रणाली के लिए भविष्य का रोडमैप तैयार होगा। भाषिणी का सीपीजीआरएएमएस के साथ इंटीग्रेशन एआई-पावर्ड, बहुभाषी नागरिक जुड़ाव में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो यह सुनिश्चित करता है कि भाषा संबंधी बाधाएं अब शिकायत निवारण और सार्वजनिक सेवा पहुंच में बाधा नहीं बनेंगी। यह समाधान जुलाई 2025 तक लागू होने की उम्मीद है। इस बीच, इस सप्ताह संसद में पेश की गई जानकारी के अनुसार, नवंबर 2022 और फरवरी 2025 के बीच केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) के तहत 56 लाख से अधिक शिकायतों का निवारण किया गया।

कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, 1 नवंबर 2022 से 28 फरवरी 2025 तक सीपीजीआरएएमएस पर कुल 52,36,844 शिकायतें प्राप्त हुईं और इस प्रणाली के माध्यम से 56,63,849 शिकायतों का निपटारा किया गया। मंत्री ने कहा कि 28 फरवरी तक भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों में 59,946 जन शिकायत मामले पेंडिंग हैं। नागरिक 5.1 लाख कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इस बीच, डीएआरपीजी द्वारा जारी मासिक रिपोर्ट के अनुसार, इस साल फरवरी में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा कुल 50,088 जन शिकायतों का निवारण किया गया, जबकि सीपीजीआरएएमएस पोर्टल पर ऐसे पेंडिंग मामलों की संख्या 1,90,994 है।

## मुझे गलत फंसाया गया, सैफ अली खान पर हमला करने वाले ने किया दावा; कोर्ट से लगाई गुहार

मुंबई (आरएनएस)। सैफ अली खान पर हमले के आरोपी शरीफुल इस्लाम शहजाद ने मुंबई सेशन कोर्ट में याचिका फाइल की है। आरोपी ने दावा किया है कि उसने कोई अपराध किया ही नहीं। उसका कहना है कि उस पर लगाए गए आरोप झूठे हैं और उसे फंसाने के लिए केवल साजिश रची गई है। इस्लाम के वकील ने कहा की उनके क्लाइंट के खिलाफ झूठा केस दर्ज किया गया है। वह किसी भी अपराध में कभी शामिल नहीं रहा है।

वकील का कहना है कि शरीफुल इस्लाम ने अब तक की जांच में सहयोग किया है। याचिका में यह भी कहा गया कि जांच टीम ने सीसीटीवी फुटेज, कॉल रिकॉर्डिंग समेत सभी सबूत इकट्ठा कर लिए हैं। ऐसे में ऐसी भी संभावना नहीं है कि आरोपी सबूतों से छेड़छाड़ करेगा। इस्लाम पर आरोप है कि वह 16 जनवरी की रात को डकैती के इरादे से सैफ अली खान के घर में घुस गया था। उसने सैफ अली खान और उनकी मेड गीता पर हमला किया। आरोप है कि इस्लाम ने डंडे और हेग्जा ब्लेड से हमला किया था।

घटना के बाद सैफ अली खान को गंभीर चोटें आई थीं। सैफ अली खान के स्टाफ के ही एलिमा फिलिप के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया था। बांद्रा मजिस्ट्रेट कोर्ट में यह केस चल रहा है।



कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी केरल के वायनाड में दिशा बैठक में भाग लेती हुई, जबकि कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल वायनाड कलेक्ट्रेट में देखते हुए।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने म्यांमार के वरिष्ठ जनरल से की बात, कहा- मुश्किल वक्त में भारत साथ खड़ा है

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग ह्लाइंग से बात की। उन्होंने कहा कि भारत इस मुश्किल घड़ी में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। एक्स पर एक पोस्ट में मोदी ने कहा, म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग ह्लाइंग से बात की। विनाशकारी भूकंप में हुई मौतों पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। एक करीबी दोस्त और पड़ोसी के रूप में, भारत इस मुश्किल घड़ी में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत आपदा राहत सामग्री, मानवीय सहायता, खोज और बचाव दल को प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से भेजा जा रहा है।

म्यांमार और पड़ोसी थाईलैंड में शुक्रवार को उच्च तीव्रता वाला भूकंप आया, जिससे इमारतें, पुल और अन्य बुनियादी ढांचे नष्ट हो गए। म्यांमार में कम से कम 1,002 लोगों की मौत हुई। भारत ने शनिवार को म्यांमार को 15 टन से अधिक राहत सामग्री भेजी। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक पोस्ट में कहा कि 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के हिस्से के रूप में, भारत ने शुक्रवार के भीषण भूकंप से प्रभावित म्यांमार के लोगों की सहायता के लिए पहले प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में काम किया।

# डल्लेवाल ने अनशन समाप्त नहीं किया : मंगत

चंडीगढ़ (आरएनएस)। किसान नेता गुरनमीत सिंह मंगत ने शुक्रवार को स्पष्ट करना चाहा कि वरिष्ठ किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने अपना अनशन नहीं समाप्त किया है। मंगत का स्पष्टीकरण तब सामने आया जब पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि श्री डल्लेवाल ने आज पानी पिया है और अपना अनशन समाप्त किया है। मंगत के अनुसार श्री डल्लेवाल ने 19 मार्च से, जब किसान नेताओं समेत करीब 1500 किसानों को पुलिस ने हिरासत में लिया था, पानी पीना त्याग दिया था। उसी रात पुलिस ने खनौरी और शंभू सीमाओं पर किसानों को हिरासत में लेकर आंदोलन स्थल खाली करवा दिए थे। पंजाब सरकार किसानों को तो छोड़ देने के लिए तैयार हो गई और लगभग 1200 किसानों को पिछले एक सप्ताह में छोड़ दिया गया, लेकिन किसान नेताओं को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हो रही थी। श्री डल्लेवाल ने कहा था,जब तक पंजाब सरकार सभी किसानों को रिहा नहीं कर देती, पानी नहीं पियेंगे। इस बीच, पंजाब सरकार ने जब कल देर रात से जेलों में बंद किसान नेताओं को रिहा करना शुरू किया तो श्री डल्लेवाल ने पानी पिया लेकिन मंगत के अनुसार उनका अनशन जारी रहेगा। गौरतलब है कि संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) नेता श्री डल्लेवाल पिछले साल 26 नवंबर से अनशन पर हैं और जनवरी में जब केंद्र सरकार ने किसान नेताओं को उनकी मांगों पर चर्चा के लिए बुलाया तो श्री डल्लेवाल ने चिकित्सकीय सहायता लेने पर तो सहमति जताई पर अनशन जारी रखने की घोषणा की। किसानों के साथ केन्द्रीय व पंजाब के मंत्रियों की चार अनिर्णित बैठकों के बाद 19 मार्च को अचानक पंजाब पुलिस ने किसान नेताओं को चंडीगढ़ से निकलकर पंजाब सीमा में पहुंचते ही

## राज्य गीत 'जय-जय-जय-हरियाणा' पर लगी विस की स्वीकृति की मुहर

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा विधानसभा ने शुक्रवार को राज्य गीत को सर्वसम्मति से ध्वनिमत से स्वीकृत कर लिया। गीत 'जय-जय-जय-हरियाणा' सदन में सुनाया भी गया। इससे पूर्व हरियाणा राज्य गीत चयन समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह यादव ने सदन में समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसे सदन ने सर्वसम्मति जताते हुए ध्वनिमत से स्वीकृत कर लिया। समिति में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव (अध्यक्ष) के अलावा विधायक गीता भुक्कल, विनोद भ्याना, बलवान सिंह दौलतपुरिया, आदित्य देवीलाल सदस्य हैं। 14वीं विधान सभा के दौरान विधायक जोगी राम सिहाग, नीरज शर्मा, बिशम्बर सिंह भी सदस्य रहे। विधान सभा के प्रभारी सचिव डॉ. सतीश कुमार और मीडिया एवं संचार अधिकारी दिनेश कुमार इस समिति के अधिकारी हैं। समिति ने जिस गीत की अनुशंसा की है उसे डॉ. बाल किशन शर्मा ने लिखा है। डॉ. श्याम शर्मा ने गाया है,



हरिद्वार में अमावस्या स्नान पर्व% के अवसर पर हर की पौड़ी पर गंगा नदी में पवित्र डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।




दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री साहिब सिंह और पार्टी सांसद योगेंद्र चंदोलिया का पुरी में उनके आवास पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद संबित पात्रा द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

# सरकार का बड़ा फैसला, नशा तस्करों को अब मिलेगा मृत्युदंड

शिमला (आरएनएस)। नशे के खात्मे के लिए एक तरफ जहां पंजाब सरकार सख्त कदम उठा रही है तो वहीं दूसरी तरफ हिमाचल सरकार ने भी प्रदेश में नशा रोकने के लिए बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने नशा तस्करों को मृत्युदंड देने पर मुहर लगा दी है।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा ने नशे की लत में फंसे लोगों के पुनर्वास के लिए दो विधेयक पारित कर दिए। इस संबंध में हिमाचल प्रदेश संगठित अपराध निवारण एवं नियंत्रण विधेयक 2025 ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसमें नशे के सौदागरों को न केवल आजीवन कारावास, बल्कि मृत्युदंड का भी प्रविधान किया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा में इसे सदन में पेश किया था।

जिसके बाद अब इस पर चर्चा की गई और पारित कर दिया गया। इसमें 10 लाख रुपये तक के जुर्माने का भी प्रविधान किया गया है। माना जा रहा है कि हिमाचल प्रदेश ऐसा प्रविधान करने वाला पहला राज्य है। विधेयक के अनुसार ऐसी दवाओं, जिनसे नशे की लत लग सकती है, के परिवहन, आपूर्ति तथा इन्हें रखने की स्थिति पकड़े जाने पर उक्त कानून के प्रविधानों के मुताबिक सजा मिलेगी। इसके अलावा अवैध खनन, वन्य जीवों की तस्करी, मानव तस्करी, झूठे दस्तावेजों के साथ कोई काम करना, मानव अंगों की तस्करी, खतरनाक पदार्थों की डंपिंग तथा बौद्धिक वस्तुओं की जालसाजी के मामले में भी हिमाचल प्रदेश संगठित अपराध निवारण एवं नियंत्रण कानून के प्रविधानों के तहत सजा मिलेगी। संगठित अपराध सिंडिकेट के सदस्य अथवा सिंडिकेट द्वारा हिंसा करने पर किसी की मृत्यु होने पर आजीवन कारावास अथवा मृत्यु दंड हो सकेगा। सिंडिकेट के सदस्यों द्वारा नशे अथवा अन्य अवैध तरीकों से अर्जित संपत्ति की कुर्की होगी। सरकार इस संपत्ति को जब्त कर सकती है। सरकार ने शिक्षण संस्थानों के 500 मीटर के दायरे में तंबाकू अथवा अन्य नशीली दवाएं या पदार्थ बेचने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। पहले 100 मीटर के दायरे में ही इस तरह के पदार्थ बेचने पर प्रतिबंध था। विधेयक के राजपत्र में प्रकाशित होने के बाद इसे लागू किया जाएगा।



सलमान खान की फिल्म सिकंदर आ रही हैं। लेकिन उससे पहले सलमान खान एक दूसरे कारण के कारण चर्चा में हैं। हाल ही में सलमान खान को राम जन्मभूमि संस्करण की घड़ी पहले देखा गया। बरेलवी धर्मगुरु और ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा है कि बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान का राम जन्मभूमि संस्करण की घड़ी पहनना हराम ( इस्लाम में निषिद्ध ) है। शुक्रवार को एक बयान में मौलाना रज़वी ने कहा कि उन्हें सलमान खान के कार्यों से संबंधित इस्लामी कानून के संबंध में पूछताछ प्राप्त हुई है।

# होटल तेहरान में लियाम और ज़ैचरी के साथ काम करना अद्भुत था: एलनाज नोरौजी

अभिनेत्री एल्नाज़ नोरौजी अपनी अगली फ़िल्म होटल तेहरान के साथ हॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह इस बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट में लियाम नीसन और ज़ैचरी लेवी के साथ अभिनय करती नज़र आएंगी। हाल ही में इस दिवा ने अपने सह-अभिनेताओं के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। एल्नाज़ नोरौजी ने बताया, लियाम और ज़ैचरी के साथ काम करना अद्भुत था, लेकिन हाँ, ज़ैचरी के साथ मेरा रिश्ता और भी गहरा है क्योंकि मुझे उनके साथ कास्ट किया गया है, इसलिए हमारा रिश्ता और भी मजबूत है। हमने बहुत सारा पोकर खेला, वह एक बेहतरीन पोकर खिलाड़ी हैं। शूटिंग के बाद हर दिन हमारे लिए यह एक रस्म बन गई थी। यह कुछ ऐसा है जिससे मुझे उनके द्वारा परिचित कराया गया और अब मैं इसे खेलने का पूरा आनंद लेती हूँ।



इस फिल्म को करने का कारण बताते हुए अभिनेत्री ने कहा, मैंने इस फिल्म को करने के लिए कई कारण बताए, लेकिन मुख्य कारण यह है कि निर्देशक बहुत बढ़िया हैं और अपने काम को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं, प्रोडक्शन हाउस इससे जुड़ा है, और तथ्य यह है कि मैंने ज़ैचरीज़ की फिल्में देखी हैं और मुझे लगता है कि वह शानदार हैं। इसलिए, मुझे उनके साथ इस भूमिका को निभाने का प्रस्ताव मिला, जो मेरे लिए बिल्कुल सही था। कोई यह कैसे भूल सकता है कि लियाम नीसन एक शानदार इंसान हैं, इससे यादा कुछ कहने की ज़रूरत नहीं है। होटल तेहरान में अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, अब अपने किरदार की बात करें तो जब मुझे इसका वर्णन मिला तो मैं दंग रह गई। इस किरदार में कई परतें हैं, जिससे मुझे बहुमुखी होने का मौका मिला। यह किसी भी अभिनेता के लिए एक सपने के सच होने जैसा है। अपने आगामी प्रोजेक्ट्स के बारे में पूछे जाने पर, एलनाज नोरौजी ने कहा, मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं और इस साल का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं, क्योंकि मुझे लगता है कि यह कई बड़ी घोषणाओं का साल होगा। मैं एक ऐसी फिल्म का हिस्सा बनने जा रही हूं, जो एक फ्रैंचाइज़ी है और उसके बारे में घोषणा होनी बाकी है।

### अरिजीत सिंह की आवाज में सिकंदर का पहला रोमांटिक गाना हम आपके बिना रिलीज, प्यार में डूबे सलमान-रश्मिका

सलमान खान और रश्मिका मंदाना की जोड़ी वाली मास एक्शन फिल्म सिकंदर में एक्शन के साथ-साथ रोमांस भी देखने को मिलेगा. सलमान और रश्मिका की जोड़ी को एक्टर के फैंस पास कर चुके हैं. सलमान और रश्मिका की जोड़ी के पहले ही तीन गाने बम-बम भोले, जोहरा जबीं और सिकंदर नाचे रिलीज हो चुके हैं. अब फिल्म सिकंदर का नया गाना हम आपके बिना, जो कि रोमांटिक सॉन्ग है,

रिलीज हो चुका है. गाने में सलमान और रश्मिका की खूबसूरत लविंग केमिस्ट्री देखने को मिल रही है.

देश के नंबर 1 सिंगर अरिजीत सिंह की आवाज में फिल्म सिकंदर का गाना हम आपके बिना रिलीज हो चुका है. इसे प्रीतम ने कंपोज किया है.

## साड़ी पहन श्रद्धा दास ने कैमरे के सामने शेयर किया बोल्ड लुक, एक्ट्रेस की सिजलिंग अदाएं देख दीवाने हुए फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा दास हमेशा अपने बोल्ड और हॉट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को दीवाना बनाए रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं।

साउथ की खूबसूरत एक्ट्रेस श्रद्धा दास हमेशा हॉट और ग्लैमरस लुक्स से फैंस के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से उनके हुस्न के कायल हो गए हैं।

अपनी एक्टिंग से ज्यादा बोल्ड लुक्स को लेकर चर्चाओं में रहने वाली एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने लोगों के बीच अपनी खास पहचान बनाई है। उनका ये ग्लैमर अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपना दिल हार गए हैं।



इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने ग्रीन कलर की बेहद ही स्टाइलिश साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

बालों का बन बनाकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये किलर लुक देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

### एल2 एम्पुरान बनी सबसे बड़ी मलयालम ओपनिंग फिल्म, वीरा धीरा सूरन पार्ट-2 की कमाई धीमी

साउथ सिनेमा के दीवानों के लिए इस सप्ताह दो नई फिल्मों ने सिनेमाघरों में दस्तक दी है, पहली मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म एल2 एम्पुरान और तमिल सिनेमा से चियान विक्रम की वीरा धीरा सूरन पार्ट 2. जहां मोहनलाल की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरुआत की, वहीं चियान विक्रम की फिल्म को सुबह के शो रद्द होने के कारण कानूनी अड़चन का सामना करना पड़ रहा है. तमाम अड़चन के बाद भी विक्रम की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफलतापूर्वक रिलीज हुई. हालांकि, कानूनी अड़चन का असर वीरा धीरा सूरन की कमाई जरूर पड़ा है. दूसरी तरह, मोहनलाल की एल2 एम्पुरान ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है.

ट्रेड ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म एल2 एम्पुरान ने ओपनिंग डे पर मलयालम सिनेमा के हर संभव रिकॉर्ड को तोड़ दिया है. पृथ्वीराज सुकुमारन की इस फिल्म ने भारत में सभी भाषाओं में पहले दिन ही 22 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कमाई करते हुए दमदार शुरुआत की है. यह किसी भी मलयालम फिल्म के पिछले रिकॉर्ड से दोगुना कमाई है. सैकनिल्क के अनुसार, एल2: एम्पुरान ने भारत में 22 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, जिसने सभी पिछली मलयालम फिल्मों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है. इससे पहले सबसे ज्यादा कमाई पृथ्वीराज की 2024 में रिलीज हुई द गोट लाइफ ने की थी, जिसने 8.5 करोड़ रुपये की कमाई की थी और उससे पहले पृथ्वीराज निर्देशित और मोहनलाल अभिनीत लूसिफर ने वर्ष 2019 में 6.10 करोड़ रुपये की कमाई की थी.

फिल्म को मलयालम के अलावा हिंदी, तमिल, कन्नड़ और तेलुगु में रिलीज किया गया. सैकनिल्क के मुताबिक, मलयालम बेल्ट ने बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा बनाया, जिसके बाद तेलुगु, हिंदी और कन्नड़ स्क्रीनिंग का स्थान रहा. एल2 एम्पुरान ने मलयालम में 19.45 करोड़, कन्नड़ में 5 लाख, तेलुगु में 1.2 करोड़, तमिल में 80 लाख और हिंदी में 50 लाख रुपये कमाए.

## ग्राउंड जीरो से इमरान हाशमी की पहली झलक आई सामने, रिलीज तारीख का भी ऐलान

अभिनेता इमरान हाशमी की अपकमिंग फिल्म 'ग्राउंड जीरो' सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर अपना एक पोस्टर शेयर किया। पोस्टर के जरिए अभिनेता ने बताया कि वह एक ऐसे मिशन को सामने लाने जा रहे हैं, जिसने कश्मीर को बदलकर रख दिया।

अब आखिरकार ग्राउंड जीरो से इमरान की पहली झलक सामने आ गई है। इंस्टाग्राम पर शेयर 'ग्राउंड जीरो' के पोस्टर में इमरान हाशमी हाथ में हथियार पकड़े दिखाई दे रहे हैं। अभिनेता युद्धग्रस्त या संघर्षग्रस्त शहर के बीच हाथ में हथियार लिए नजर आए। पोस्टर पर लिखा है, तुझे यहां लाई तेरी मौत फौजी, कश्मीर का बदला लेगा गाजी। पोस्टर को शेयर करते हुए अभिनेता ने लिखा, एक मिशन की अनकही कहानी जिसने कश्मीर को हमेशा के लिए बदल दिया। ग्राउंड जीरो 25 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में आ रही है। अब प्रहार होगा। जानकारी के अनुसार 'ग्राउंड जीरो' की कहानी साल 2001 में हुए संसद हमले से संबंधित है, जिसमें एक बीएसएफ अधिकारी की पड़ताल 2 साल तक चलती है। इस जांच में मास्टरमाइंड गाजी बाबा का पता लगाया जाता है, जिससे भारत का सबसे बड़ा आतंकवाद विरोधी अभियान संभव हो पाता है। तेजस देवस्कर के निर्देशन में तैयार फिल्म का निर्माण रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने किया है। फिल्म के को-प्रोड्यूसर विशाल रामचंदानी, सुंदीप सी. सिधवानी, अरहान बगाती, कासिम जगमगिया, टैलिस्मन फिल्म्स, निशिकांत रॉय और अभिषेक कुमार हैं। यह फिल्म 25 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इमरान ने 24 मार्च को अपने 46वें जन्मदिन के अवसर पर 'आवारापन' के सीक्वल की घोषणा की, जो 3 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। एक्शन ड्रामा 'आवारापन 2' में शिवम की कहानी वहीं से शुरू होती है, जहां पिछली खत्म हुई थी। एक्शन-क्राइम फिल्म 'आवारापन' साल 2007 में रिलीज हुई थी। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी यह फिल्म दक्षिण कोरियाई फिल्म ए बिटरस्वीट लाइफ की रीमेक थी।

**बॉक्स ऑफिस पर जॉन अब्राहम की द डिप्लोमैट की हालत पस्त, जल्द सिनेमाघरों से हटाया जाएगा**

जॉन अब्राहम की फिल्म द डिप्लोमैट से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह पहले ही दिन से बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए संघर्ष करती दिख रही है। यह फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में नाकाम साबित हुई। आलम यह है कि फिल्म का कारोबार लाखों में सिमटा हुआ है। अब द डिप्लोमैट की कमाई के 14वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है। सैकनिल्क के मुताबिक, द डिप्लोमैट ने रिलीज के 14वें दिन यानी दूसरे गुरुवार को 70 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

### केसरी: चैप्टर 2: सी शंकरन नायर बन छाए अक्षय कुमार, पहली झलक आई सामने

अक्षय कुमार बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में शुमार हैं, जो एक साल में कई फिल्में करते हैं। पिछली बार उन्हें फिल्म स्काई फोर्स में देखा गया था। अब जल्द ही अक्षय फिल्म केसरी: चैप्टर 2 में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान करण सिंह त्यागी ने संभाली है। आर माधवन और अनन्या पांडे भी फिल्म का हिस्सा हैं। दोनों की झलक पहले ही सामने आ चुकी है। अब निर्माताओं ने केसरी: चैप्टर 2 अक्षय का लुक जारी कर दिया है। केसरी: चैप्टर 2 में अक्षय वरिष्ठ वकील सी शंकरन नायर की भूमिका में नजर आएंगे। पोस्टर में उनका धांसू अवतार दिख रहा है। अक्षय ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, एक आदमी... पूरे साम्राज्य के खिलाफ। करण जौहर फिल्म के निर्माता हैं। केसरी: चैप्टर 2 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। बता दें कि फिल्म का टीजर पहले ही सामने आ चुका है,

## सिर पर तेल लगाते समय न करें ये 5 गलतियां, बालों को हो सकता है नुकसान

बालों की देखभाल में तेल लगाना एक अहम हिस्सा है, लेकिन कई बार हम कुछ गलतियां कर बैठते हैं, जो बालों पर बुरा असर डाल सकती हैं।

इस लेख में हम उन सामान्य गलतियों पर चर्चा करेंगे, जिन्हें आपको तेल लगाते समय टालना चाहिए। ये सुझाव महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए उपयोगी होंगे, ताकि आपके बाल स्वस्थ और चमकदार बने रहें।

सही तरीके से तेल लगाने से बालों की जड़ों को पोषण मिलता है।



बहुत ज्यादा तेल का इस्तेमाल न करें

अक्सर लोग सोचते हैं कि ज्यादा तेल लगाने से बाल ज्यादा मजबूत और चमकदार बनेंगे, लेकिन ऐसा नहीं है।

बहुत ज्यादा तेल लगाने से बाल चिपचिपे हो सकते हैं और उन्हें धोने में भी परेशानी होती है।

इसके अलावा स्कैल्प पर अतिरिक्त तेल जमा होने से रोमछिद्र बंद हो सकते हैं, जिससे बाल झड़ने की समस्या बढ़ सकती है। इसलिए हमेशा संतुलित मात्रा में ही तेल का उपयोग करें ताकि आपके बाल स्वस्थ रहें।

गंदे हाथों से न लगाएं तेल

जब आप बालों में तेल लगाएं, तो यह जरूरी है कि आपके हाथ साफ हों।

गंदे हाथों से तेल लगाने पर स्कैल्प पर बैक्टीरिया फैल सकते हैं, जिससे खुजली और डैंड्रफ जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

इससे बचने के लिए हमेशा अपने हाथ अच्छी तरह धोकर ही बालों में तेल लगाएं। साफ हाथों से तेल लगाने से बालों की जड़ों को सही पोषण मिलता है और उनका विकास ठीक से होता है।

रातभर छोड़ना जरूरी नहीं

कई लोग मानते हैं कि रातभर के लिए तेल छोड़ने से ही उसका पूरा फायदा मिलता है, लेकिन ऐसा जरूरी नहीं है।

आप चाहें तो 1-2 घंटे तक भी तेल लगाकर रख सकते हैं और फिर धो सकते हैं। लंबे समय तक तेल छोड़ने से कभी-कभी उल्टा असर भी हो सकता है, जैसे कि स्कैल्प का बहुत ज्यादा ऑयली होना या खुजली की समस्या बढ़ना।

इसलिए संतुलित समय के लिए ही तेल लगाएं ताकि बालों की सेहत बनी रहे।

सही तरीके से मालिश करें

बालों में सही तरीके से मालिश करना बेहद जरूरी है ताकि रक्त संचार बेहतर हो सके और पोषण जड़ों तक पहुंच सके।

हल्के हाथों से गोलाकार गति में मालिश करें ताकि स्कैल्प को आराम मिले और तनाव कम हो। इससे बालों की जड़ों को मजबूती मिलती है और बाल स्वस्थ रहते हैं।

जोर-जोर से रगड़ने या खींचने की गलती न करें क्योंकि इससे जड़ों को नुकसान पहुंच सकता है, जिससे बाल कमजोर होकर टूट सकते हैं।

हर बार शैंपू करना जरूरी नहीं

जब भी आप बालों में तेल लगाएं तो इसे शैंपू करना हर बार जरूरी नहीं होता, खासकर अगर आपने हल्का -सा ही तेल लगाया हो।

बार-बार शैंपू करने से बालों की प्राकृतिक नमी खत्म हो सकती है, जिससे वे रूखे और बेजान दिख सकते हैं।

## टमाटर का जूस पीने से सुबह की शुरुआत कैसे हो सकती है फायदेमंद?

टमाटर का जूस एक ऐसा पेय है, जो न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है।

यह लेख उन लोगों के लिए है, जो अपनी सुबह को सेहतमंद और ऊर्जावान बनाना चाहते हैं।

टमाटर में विटामिन-सी, एंटीऑक्सीडेंट्स और कई जरूरी पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

आइए जानते हैं कि रोज सुबह टमाटर का जूस पीने से क्या-क्या फायदे हो सकते हैं।

पाचन तंत्र को सुधारने में है सहायक

टमाटर का जूस पाचन तंत्र के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद फाइबर पेट की सफाई करता है और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है।

इसके नियमित सेवन से पेट हल्का महसूस होता है और गैस्ट्रिक समस्याएं कम होती हैं।



अगर आप रोज सुबह खाली पेट टमाटर का जूस पीते हैं तो यह आपके पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है और भोजन के अवशोषण में मदद करता है।

त्वचा को निखारने में है कारगर

टमाटर का जूस त्वचा के लिए बहुत लाभकारी होता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा की चमक बढ़ाते हैं और उसे तरोताजा रखते हैं।

यह दाग-धब्बों को कम करने में मदद करता है और झुर्रियों को दूर रखने में सहायक होता है।

अगर आप अपनी त्वचा को प्राकृतिक रूप से निखारना चाहते हैं तो रोज सुबह टमाटर का जूस जरूर पिएं। इससे आपकी त्वचा की सेहत बेहतर होती है।

वजन घटाने में है प्रभावी

जो लोग वजन घटाना चाहते हैं तो उनके लिए टमाटर का जूस एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।

इसमें कैलोरी कम होती हैं, लेकिन पोषक तत्व भरपूर होते हैं, जिससे भूख कम लगती है और शरीर की ऊर्जा बनी रहती है।

इसके सेवन से मेटाबॉलिज्म तेज होता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है। यह जूस पाचन तंत्र को भी सुधारता है, जिससे भोजन का अवशोषण सही तरीके से होता है और शरीर स्वस्थ रहता है।

## शब्द सामर्थ्य -002

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 001 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | थि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | बा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | स्तां |
| बा | च्च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना प्रभारी बरेला विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि चौकी गौर अन्तर्गत जमतरा की ओर एक व्यक्ति कच्ची शराब मोटर सायकल से ले जाने वाला है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई, जमतरा रेल्वे पुल के ऊपर मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति मोटर सायकल में पीछे तरफएक बोरा लिये दिखाई दिया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम लवकुश बर्मन उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम खिरहनी थाना बरगी बताया जिसकी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन व्ही 1263 में पीछे तरफरखे बोरा को चैक करने पर 4 पन्नियों में 60 लीटर कच्ची शराब भरी मिली



प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 120वें संस्करण को जबलपुर महानगर के 967 बूथों में सुना

# देश की प्रेरणास्पद महिलाओ के नाम रहेगा एक दिन- नरेंद्र मोदी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के %मन की बात% के 120 वें संस्करण को जबलपुर महानगर के सभी 967 बूथों में सुना गया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सभी बूथों में मन की बात सुनने का आग्रह किया गया था और स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने अपने बूथों में क्षेत्रीय जनों के साथ कार्यक्रम को सुना। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने उत्तर विधानसभा में, नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर एवं अभिलाष पांडे ने भी अग्रसेन वार्ड में,



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम की 120 वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने चैत्र नवरात्र, भारतीय नववर्ष और विभिन्न त्योहारों की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की विविधता में एकता ही हमारी ताकत है।लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने उत्तर विधानसभा के दीनदयाल मंडल के भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड के बूथ क्र 206 में स्थानीय कार्यकर्ताओ के साथ मन की बात को सुना। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सपन यादव, एड सचिन जैन, शिरीष सिंघई, अनूप शुक्ला आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर एवं विधायक अभिलाष पांडे ने उत्तर विधानसभा के चंद्रशेखर आजाद मंडल के अग्रसेन वार्ड के बूथ क्र 93 में कार्यकर्ताओ और क्षेत्रीय जनों के साथ मन की बात सुनी। इस अवसर पर महामंत्री पंकज दुबे, पार्षद कमलेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष पुष्पराज पांडे के साथ बूथ अध्यक्ष, कार्यकर्ता उपस्थित थे नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने बताया हमारे प्रधानमंत्री जी माह के अंतिम रविवार को देश की जनता को मन की बात के रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से संबोधित कर तात्कालिक विषयो, परिस्थितियों और सम सामयिक घटनाओं के संदर्भ पर चर्चा करते है और अपने विचारो से मार्गदर्शित करते है। भाजपा के तय कार्यक्रमों में इस महत्पूर्ण कार्यक्रम को भी बूथ स्तर पर सुना जाता है जिसमे हमारे कार्यकर्ता स्थानीय लोगो के साथ मिलकर मन की बात सुनते है। उन्होंने कहा इस बार भी माननीय प्रधानमंत्री जी ने प्रेरणाप्रद मार्गदर्शन देते हुए महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखे जिसे हम सभी ने सुना।

**मन की बात के प्रमुख बिंदु**

प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण पर दिया जोर प्रधानमंत्री मोदी ने गर्मी के मौसम में जल संरक्षण पर जोर देते हुए जल संचय जन-भागीदारी अभियान से अधिक से अधिक लोगों को जुड़ने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में वाटर रीचार्ज स्ट्रक्चर के माध्यम से किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं और आमजन को भी इसमें योगदान देना चाहिए।बच्चो को रचनात्मकता को निखारे प्रधानमंत्री ने गर्मियों की छुट्टियों के दौरान बच्चों की रचनात्मकता को निखारने पर बल दिया. साथ ही उन्होंने खेलो इंडिया पैरा गेम्स के विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और उनकी प्रतिभा और संघर्ष की सराहना की।

रिसाइकलिंग को बढ़ावा देने की अपील अपनी हालिया मॉरीशस यात्रा का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वहां भारतीय संस्कृति के संरक्षण और प्रचार-प्रसार की बात कही. उन्होंने रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देने की अपील करते हुए अनुपयोगी वस्तुओं से नए उत्पाद बनाने को पर्यावरण हितैषी पहल बताया। योग को बनाए जीवन शैली का हिस्सा प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का उल्लेख करते हुए योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योग भारत की ओर से विश्व को एक अमूल्य उपहार है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहद लाभदायक साबित होगा. उन्होंने यह भी कहा कि आयुर्वेद दुनियाभर में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। भाजपा द्वारा महानगर के बूथों के आयोजित कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के साथ डॉ जितेंद्र जामदार, मंडल प्रभारी महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, अभय सिंह ठाकुर, जय सचदेवा, अंजु भार्गव, तृष्णा चटर्जी, रंजीत पटेल, प्रणीत वर्मा, प्रशांत केसरवानी, श्रीकान्त साहू, रवि शर्मा, शरद ताम्रकार, सिद्धार्थ शुक्ला, मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, प्रणय गुप्ता, प्रशांत दुबे, शैलेंद्र विश्वकर्मा, नरेश पटेल, राहुल रजक, पुष्पराज पांडे, सपन यादव, योगेश बिलोहा, जागृति शुक्ला, गुड्डा केवट, पुष्पराज सेंगर, सौरभ गोयल, योगेश लोखंडे, अमित राय, ऋषि सोनकर, अकील अहमद के साथ बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, पार्षद आदि शामिल हुए।

सुप्रीम कोर्ट जस्टिस जेके माहेश्वरी व पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह पहुँचे मुरैना

# राहत शिविर का दौरा कर कहा-सच्चे समाजसेवी हैं विवेक तन्खा

तालिब हुसैन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नेता चाहें कितनी बुलंदी पर पहुँच जायें, लेकिन अगर उनके मन में गरीबों का दर्द है, तो फिर वोह कभी भी कहीं भी उस दर्द में भागीदारी करके राहत पहुँचाने मैं देरी नहीं करते. इस बात को हकीकत में बदल कर दिखाया है रास. सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने.

मुरैना. चंबल के मुरैना जिले में जारी रोटरी के मेडिकल राहत केम्प में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है. इस बीच सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेके माहेश्वरी, मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, एमपी हाईकोर्ट के जस्टिस जीएस अहलूवालिया, जस्टिस संजय द्विवेदी और मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने मुरैना पहुँच कर मेडिकल राहत केम्प का जायजा लिया. और वहां किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सांसद विवेक तन्खा सच्चे समाजसेवी हैं उनकी निगरानी में यह केम्प सेवा के नए आयाम पर पहुँचेगा. शिविर में अब तक 11000 मरीजों का चैक अप कर उन्हें आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध करायी गयी हैं. रविवार को उस वक्त



सांसद विवेक तन्खा भावुक हो गए, जब उन्होंने असाध्य रोग से पीड़ित एक मासूम को देखकर फौरन उसे गोद में उठा लिया. सांसद तन्खा का भावुक पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है. लोगों ने कहा आज के दौर में देश को ऐसे ही नेताओं की जरूरत है. जो गरीबों, वंचितों, पीड़ितों व जरूरतमंदों का सहारा बन सकें.

# मारपीट करने वाले आरोपियों की तलाश

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना कोतवाली में रात्रि मारपीट में घायल के उपचार हेतु मेट्रो अस्पताल में भर्ती कराये जाने की सूचना पर पहुँची पुलिस के आशीष प्रधान उम्र 37 वर्ष निवासी त्रिमूर्तिनगर गोहलपुर ने बताया कि उसकी चेरीताल में आशू मोबाइल के नाम से शॉप है उसने पंजाब बैंक कालोनी निवासी मयूर कुन्डेल को एमआई कम्पनी का मोबाइल अपनी दुकान से फायनेंस कराया था जिसकी कीमत लगभग 11 हजार रूपये थी जिसकी 8 किस्त बनी थीं 4 किस्त मयूर कुन्डेल ने होम केट्रट फायनेंस कम्पनी को आन लाईन दिया था वह अपनी दुकान पर था रात लगभग 9-30 बजे मयूर कुन्डेल अपने दोस्त आकाश के साथ उसकी दुकान पर आया और उससे मोबाइल का बिल मांगा तो उसने किस्त चुका देने के बाद बिल देने को कहा तो मयूर अपने हाथ में लिये हथौड़े से उसके साथ मारपीट करने लगा

हिंदू सेवा परिषद के स्थापना एवं हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में हिंदू राष्ट्र की भरेंगे हुंकार

# हिंदू एकता के लिए निकलेगी आज विशाल गदा यात्रा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज 31 मार्च 2025 दिन सोमवार को प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हिन्दू सेवा परिषद् द्वारा स्थापना दिवस एवं हिंदू नव वर्ष के अवसर पर श्री हनुमान मंदिर नौद्रा ब्रिज से दोपहर 12ः00 बजे ऐतिहासिक गदा यात्रा का आयोजन किया गया है। जिसमें जगद्गुरु राघव देवाचार्य महाराज जी एवं डॉ स्वामी मुकुंददास महाराज जी एवं संस्कारधानी के समस्त संत जनों की अगवाही में यह विशाल गदा यात्रा को भगवा ध्वज दिखाकर प्रारंभ किया जावेगा।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में परम् पूज्य स्वामी दीपंकर महाराज जी (सहारनपुर)आनंद जब एवं आनंद जाखोटिया (हिंदू जन जागृति)मुख्य रूप से शामिल होंगे। हिन्दू सेवा परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने बताया कि यात्रा मैं मुख्य आकर्षण का केंद्र 31 फीट मिटी का गदा बैलगाड़ी में रहेगा, साथ ही भगवा ध्वज लिए हजारों हिन्दू राम भक्त यात्रा में शामिल होंगे और मुख्य अतिथि स्वामी दीपंकर महाराज जी सभी हिंदुओं से हिंदू होने की भिक्षा भी मांगेंगे और हिंदू राष्ट्र की मांग को प्रबल बनाने संकल्पित होंगे।हिन्दू सेवा परिषद समस्त शहरवासियों से निवेदन करता है कि वह इस यात्रा में हजारों की संख्या में सम्मिलित हुए और इस यात्रा को सफल बनाएं। इस गदा यात्रा को निकालने का मुख्य उद्देश्य यह है कि अब भारत हिंदू राष्ट्र बन जावे। इस विशाल ऐतिहासिक गधा यात्रा में उपस्थिति की अपील अतुल जेसवानी, सौरभ जैन,उत्कर्ष रावत,धीरज ज्ञानचंदानी, नितिन सोनपाली, गौरव साहू , दीपक विश्वकर्मा अभिषेक अहिरवार अनिल कुशवाहा रवि कुशवाहा उमेश रजक, विनय राजपूत, साहिल कुशवाहा,अक्षय शुक्ला आदि ने उपस्तिथि की अपील की।

# सुखसागर मेडिकल कॉलेज हनुमान चालीसा पर सेमिनार

तनाव से मुक्ति हनुमान चालीसा युक्ति

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज हिंदू नव वर्ष एवं नवरात्रि आरंभ के अवसर पर मानस संकीर्तन मंडल जबलपुर के तत्वावधान में सुखसागर मेडिकल कॉलेज मुकुंदवारा जबलपुर में, अध्ययनरत करीब 400 डॉ. छात्र-छात्रओं के साथ उत्साह के साथ दिव्य समारोह मनाया गया,जिसमें हनुमान चालीसा पर एक बृहत सेमिनार तनाव से मुक्ति हनुमान चालीसा





युक्ति आयोजित किया गया,जिसमें आनंद एवं तनाव मुक्त जीवन शैली पर संदीप नेमा,आशीष झा,प्रवीण नेमा ने बच्चों को किया। कॉलेज के बच्चों के साथ में हनुमान जी महाराज का दिव्य संकीर्तन एवं नवरात्रि के अवसर पर मां भगवती के भजन भी गाए गए। इस अवसर पर देवेंद्र नेमा,सतीश लालवानी,आशीष श्रीवास्तव, प्रदीप सोनी,रमेश दुबे,वरुण तिवारी सहित कॉलेज प्रबंधन के सौरभ सिंह,राजेश स्वामी,दिव्यांग पटेरिया आदि उपस्थित थे।

एपीआई जबलपुर चैप्टर की वार्षिक कॉन्फ्रेंस शामिल हुए उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, चिकित्सकों को किया सम्मानित

# नए निष्कर्ष निकालने में सहायक हैं मेडिसिन अपडेट जैसे आयोजन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन्स ऑफ इंडिया (एपीआई),जबलपुर चैप्टर के तत्वावधान में वार्षिक कॉन्फ्रेंस 26 वीं मेडिसिन अपडेट 2025 का आयोजन विजन महल, तिलहरी में किया गया। दो दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन

अवॉर्ड वितरण समारोह में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि पाटन विधायक अजय विश्नोई रहे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि हेल्थ केयर क्षेत्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता से निरंतर प्रगति हो रही है। मेडिसिन अपडेट जैसे सेमिनार नए निष्कर्ष निकालने में सहायक होते हैं, जिससे नई पीढ़ी को भी लाभ मिलता है।



श्री शुक्ल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ाई जा रही है। मेडिकल कॉलेज में प्रदेश में एमबीबीएस की 10 हज़ार और पीजी में 5 हज़ार सीट की वृद्धि की जाएगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। प्रदेश में 10 हजार करोड़ का निवेश हेल्थ केयर में किया गया है और डॉक्टरों के लिए बेहतर प्रोजेक्ट तैयार किए जा रहे हैं। श्री शुक्ल ने कहा कि डॉक्टरों की क्वालिटी और मानक, मानवता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। समय के साथ उन्हें अपडेट रहना चाहिए और ऐसे सेमिनार से नई जानकारी प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को सेवा भाव से कार्य कर समाज में उत्कृष्ट योगदान देना चाहिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर आ गई है और 2047 तक अमेरिका और चीन को भी पीछे छोड़कर भारत शीर्ष पर पहुंचेगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत की अग्रणी भूमिका होगी। उन्होंने सेमिनार में आए निष्कर्षों को सरकार तक पहुंचाने की बात कही। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया। पूर्व मंत्री और विधायक श्री विश्नोई ने कहा कि मेडिसिन अपडेट समय की मांग है। एलोपैथी में नई खोजों से पीड़ित मानवता की सेवा होती है। उन्होंने आयुष के क्षेत्र में हो रहे शोध कार्यों की भी सराहना की। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा भी मौजूद रहे। आयोजक एपीआई के अध्यक्ष डॉ. नवीन शर्मा व एपीआई के सचिव डॉ. अखिलेश तिवारी ने बताया कि इस आयोजन का मकसद इंटरनल मेडिसिन के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोधों को सामने लाना रहा। देश के कोने-कोने से पहुंचे विषयों ने यहां विचार व्यक्त किए। पैनल डिस्कशन में चिकित्सा जगत के वर्तमान मुद्दों व चुनौतियों पर चर्चा की गई। शोधकर्ता व छात्र अपने कार्य को पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया। आयोजन समिति में डॉ.एस के मिश्रा,डॉ.अश्वनी पाठक,डॉ.अनुपम श्रीवास्तव,डॉ. संजय नेमा,डॉ. एचपी एस चंदेल का सहयोग रहा।

**इन्हें मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट**

समारोह में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड डॉ. डीएस बहरानी, डॉ. एन के बंसल, डॉ. विजय चावला, डॉ. अनिल अरोरा को प्रदान किया गया।

इन्होंने रखे विचार -दो दिवसीय आयोजन में बोनमैरो ट्रांसप्लांटेशन, लिवर ट्रांसप्लांटेशन, कोलेस्ट्रॉल कम करने की नई दवाइयों, ब्रेन स्ट्रोक्स से बचाव, हार्ट फेल के मरीजों को दिए जाने वाले उपचार आदि विषयों पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय वक्ताओं में डॉ. प्रशांत विलास भांगुई, डॉ.भास्कर शाह, डॉ. पीयूष ओझा, डॉ. मनीषा जैन, डॉ. श्रीराम अग्रवाल शामिल हुए। वहीं विषय विशेषज्ञ डॉ. परिमल स्वामी, डॉ. एमएस जौहरी, डॉ. आशीष एस डेंगरा, डॉ. प्रीतिक्षा पिपलेश्वर, डॉ. दिलीप तिवारी, डॉ.अमित बी किनरे , डॉ. आशीष तवारी, डॉ. ब्रह्मा प्रकाश, डॉ. पंकज असाटी, डॉ. भाविक धीरावाणी, डॉ. रवि कुमार दोहरे, डॉ. आलोक बंसल, डॉ. डीएस बहरानी और डॉ तरुण नागपाल द्वारा विभिन्न विषयों पर विचार व्यक्त किए।

# दो दिवसीय संभागीय मिलेट्स फेस्टीवल सह कृषि मेला का हुआ भव्य शुभारंभ




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। दो दिवसीय संभागीय मिलेट्स फेस्टीवल सह कृषि मेला का हुआ भव्य शुभारंभ शासन की कृषि संबंधी योजनाओं के प्रचार-प्रसार व नवीनतम कृषि तकनीक के प्रति जागरूकता के लिये किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा 29 एवं 30 मार्च को जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में दो दिवसीय संभागीय मिलेट्स फेस्टीवल सह कृषि मेला का आज भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्री अशोक रोहाणी तथा विशिष्ट अतिथि विधायक श्री नीरज सिंह व संतोष बरकड़े थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेएनकेव्हीव्ही के कुलगुरू डॉ. पीके मिश्रा ने किया। इस अवसर पर खरपतवारअनुसंधान के निदेशक डॉ. जेएस मिश्रा, भारत कृषक समाज के अध्यक्षत डॉ. केके अग्रवाल, कई वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक व बड़ी संख्या में किसान व संभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्री रोहाणी ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से यह मिलेट मेला का आयोजन किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मिलेट को लेकर कई नवाचार किये गये हैं। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी किसानों की चिंता कर उनके कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। किसानों-युवाओं के लिए स्टार्टअप के लिए उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि आने वाले समय में इसके बेहतर परिणाम आयेंगे। उन्होंने तकनीकी उपक्रम व जैविक खेती से कम लागत पर अधिक उत्पादन के संबंध में कहा कि किसानों ने अपनी मेहनत से प्रदेश कोमल्टी नेशनल कंपनी व क्रेता-विक्रेता पास में आते हैं। किसानों को कृषि उत्पादन के लिए वैज्ञानिकों का मार्गदर्शन मिलता है। मिलेट की पारंपरिक खेती में भारत हमेशा अग्रणी रहा है।

# पांच प्याऊ का एक साथ उद्घाटन नए वर्ष शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्र्स्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल के द्वारा लगातार सन 1984 से पांच प्याऊ चलते हुए राहगीरों के लिए शुद्ध पानी पीने की व्यवस्था की जा रही है 1.बड़े फुहारा में 2. जमुना प्रसाद चौक गोल बाजार में 3.रानीताल से मदन महल रोड पर 4.बलदेव बाग चौक पर 5.दमोह नाका बधाइयां मोहल्ला रोड पर विधि विधान पूजन अर्चन से प्रारंभ किए गए नव वर्ष शोभा यात्रा का बड़े फुहारा में स्वागत किया गया 7 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 9ः00 बजे से रात 9ः00 तक जड़ी बूटियां की हवन सामग्री सरयू मैया का जल का वितरण आज से प्रारंभ हो गया इस अवसर पर नर्मदा में महा आरती संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल , एडवोकेट सचिन अग्रवाल , अशोक पोद्दार , संस्कार आदि उपस्थित थे

# म.प्र. सरकार कृषि उपभोक्ताओं के बिजली बिलों का लगभग 93 प्रतिशत राशि सब्सिडी के रूप में वहन करेगी

कुल 26762 करोड़ रूपए की सब्सिडी वहन करेगी प्रदेश सरकार

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश के किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है एवं इसके अंतर्गत म.प्र. विद्युत नियामक आयोग द्वारा 29 मार्च 2025 को जारी विद्युत दरों के अनुसार क्रमशः तीन हॉर्स पॉवर, पॉच हॉर्स पॉवर एवं 10 हॉर्स पावर के कृषि? उपभोक्ताओं को पूर्ण वर्ष में 30730 रूपए, 54671 रूपए एवं 115655 रूपए का देयक बनता है, जबकि राज्य शासन द्वारा कृषि पंपो पर सब्सिडी की घोषणा की गई है जिसके अनुसार किसानों को मात्र रू. 750/- प्रति हॉर्स पॉवर प्रति वर्ष अर्थात उपरोक्त श्रेणी के उपभोक्ताओं को क्रमशः कुल 2250 रूपए, 3750 रूपए एवं रू. 7500 रूपए का ही भुगतान करना होगा।

सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार कृषि उपभोक्ताओं को विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी दरों पर सब्सडी स्वीकृत की गई है, जिसके अनुसार उपभोक्ता द्वारा दी जाने वाली राशि? (रूपए 750 प्रति हॉर्स पॉवर) एवं आयोग द्वारा जारी दरों का अंतर सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। उपरोक्तानुसार सकुल 26762 करोड़ रूपए की सब्सिडी वहन करेगी प्रदेश सरकारब्सडी देने पर शासन प्रत्येक 3 हॉर्स पावर पम्प हेतु कुल राशि? 28480 रूपए , 5 हॉर्स पावर पम्प हेतु कुल राशि? 50921 रूपए, 10 हॉर्स पावर पम्प हेतु कुल राशि? 108155 रूपए का भुगतान सब्सडिी के रूप में वहन करेगी। इस प्रकार की घोषणा से कृषि? उपभोक्ताओं को नियामक आयोग द्वारा जारी दरों की मात्र लगभग 7 प्रतिशत राशि ही जमा करना होगी जबकि म.प्र. सरकार कृषि उपभोक्ताओं के बिलों का लगभग 93 प्रतिशत राशि? सब्सिडी के रूप में वहन करेगी। प्रदेश में कुल लगभग 37 लाख कृषि उपभोक्ता हैं जो सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर रहे हैं । ज्ञात हो कि राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष के दौरान कृषि? श्रेणी के उपभोक्ताओं के अलावा 150 यूनिट प्रति माह तक मासिक वाले घरेलू उपभोक्ताओं को प्रथम 100 यूनिट पर मात्र रू.100 रूपए का ही भुगतान करना होता है जबकि 100 यूनिट खपत पर शहर के प्रत्येक घरेलू उपभोक्ताओं के लिये सरकार सब्सिडी के रूप में लगभग 566 रूपए का भुगतान करेगी। इस प्रकार के घरेलू उपभोक्ता जिनको सरकार सब्सिडी प्रदान कर रही है उनकी संख्या पूरे प्रदेश में लगभग एक करोड़ सात लाख (1.07 करोड़) है।

इस प्रकार विगत वित्तीय वर्ष में सरकार द्वारा कुल लगभग 23695 करोड़ रूपए सब्सिडी के रूप में एवं पूर्व के वर्ष के 3067 करोड़ रूपए , अतः कुल 26762 करोड़ रूपए वहन किये है एवं सरकार द्वारा आज की गई घोषणा के कारण अगले वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु लगभग इतनी ही राशि बतौर सब्सिडी वहन की जाएगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये जारी बिजली टैरिफ आदेश के मुख्य बिंदु

विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा मांगी गई 7.52 प्रतिशत वृद्धि के विरुद्ध मात्र 3.46 प्रतिशत की औसत दर से वृद्धि की गई है। विगत वर्षों की भांति उपभोक्त्ाीओं को मीटर रेंट अथवा मीटरिंग चार्ज नहीं लगेंगे। घरेलू उपभोक्ता ओं के 100 यूनिट तक के बिल पर 24 रुपये तक बढ़ाये गये हैं परंतु इन उपभोक्ताओं को अटल गृह ज्योति योजना के तहत पहले की तरह मात्र 100 रुपये का ही भुगतान करना होगा। बढ़ी हुई राशि राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी के रूप में भुगतान की जायेगी।

गैर घरेलू उपभोक्ताओं को छोड़कर अन्य सभी निम्न-दाब उपभोक्ता श्रेणी की न्यूनतम दर बिलिंग (टैरिफ मिनिमम बिलिंग) विगत वर्षों में समाप्त की जा चुकी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 से निम्न-दाब गैर घरेलू उपभोक्ताओं एवं उच्चदाब सीज़नल उपभोक्ता श्रेणी की न्यूनतम दर बिलिंग भी समाप्त।


10 किलोवॉट से कम भार वाले उपभोक्ता जो स्मार्ट मीटर लगवाते हैं, उनको सोलर घंटों (प्रातः 9ः00 से सायं 5ः00 बजे तक) की खपत पर ऊर्जा प्रभार में 20 प्रतिशत की भारी छूट मिलेगी। इनको शीर्ष घंटे मे भी कोई अधिभार नहीं रहेगा।

विगत वर्ष के दर आदेश के अनुसार लागू सभी छूट (ञ्र.ह्र.ष्ठ. के अलावा) यथावत लागू रखी गयी हैं। 10 किलोवाट से अधिक भार वाले निम्न दाब श्रेणी के घरेलू एवं सामान्य जल प्रदाय एवं सड़क बत्ती एवं एच.वी.-6 श्रेणी के उपभोक्ताओं को टी.ओ.डी. (टाइम ऑफ डे) टैरिफ के अंतर्गत लाया गया।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना गढ़ा में रात्रि बग्गा इन होटल के सामने एक व्यक्ति द्वारा घर में स्वयं गोली मारकर खत्म होने की सूचना पर पहुँची पुलिस को सार्थक मक्कर उम्र 37 वर्ष निवासी मोदीनगर हाउसिंग सोसायटी ग्वारीघाट ने बताया कि वह कपड़े का व्यापार करता है राकेश कथूरिया उम्र 65 वर्ष उसके फूफा है उसकी मां श्रीमती सीमा मक्कर को बुआ कि समधन श्रीमती सैरी भोला निवासी नेपियर टाउन ने फोन कर बताया कि राकेश कथोरिया जी ने घर पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली है तो वह अपने घर से फूफा राकेश कथूरिया जी के घर एलआईसी के सामने भारत कालोनी रतननगर गढा पहुंचा घर

# प्रॉपर्टी डीलर ने खुद को मारी गोली, पास में मिला शराब से भरा गिलास



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में एक प्रॉपर्टी डीलर ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली. घटना रविवार 30 मार्च के तड़के की है. इस वक्त मृतक की पत्नी सो रही थी. उसी दौरान प्रॉपर्टी डीलर ने यह कदम उठाया. पुलिस के मुताबिक प्रॉपर्टी डीलर राकेश कथोरिया (62) भरत कॉलोनी में अपनी पत्नी के साथ रहते थे. उनके बच्चे जबलपुर से बाहर रहते हैं. घटना के दौरान राकेश घर पर पत्नी के साथ थे. फायरिंग की जानकारी मिलते ही गढ़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करने के बाद शव को मेडिकल कॉलेज भेजकर घटना की जांच शुरू कर दी है. राकेश कथोरिया का व्यापार अच्छा चल रहा था. संपन्न परिवार होने के कारण समाज में भी उठना-बैठना था. शनिवार की रात को घर आने के बाद उन्होंने पत्नी के साथ खाना खाया. कुछ देर तक मोबाइल चलाते रहे फिर सो गए. तड़के सुबह राकेश दूसरे कमरे में गए और लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारी ली. फायरिंग की आवाज सुनते ही पत्नी दौड़कर आई, देखा तो राकेश जमीन पर खून से लथपथ पड़े थे. राकेश की पत्नी का कहना है कि सब कुछ अच्छा चल रहा था. उनकी बातों से ऐसा भी लगा भी नहीं कि वो किसी तरह की परेशानी में है.

**पास रखी थी शराब से भरी गिलास**

जिस कमरे में राकेश ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है, उस कमरे में शराब से भरी एक गिलास भी रखी हुई पुलिस को मिली है. संभवतः राकेश ने आत्महत्या करने से पहले शराब पी और फिर गोली मार ली. पुलिस का कहना है कि मौके से किसी प्रकार का सुसाइड नोट फिलहाल नहीं मिला है. प्रॉपर्टी डीलर राकेश कथूरिया की मौत के बाद गढ़ा थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. एसआई योगेंद्र सिंह का कहना है कि रविवार की दोपहर को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिवार वालों को सौंप दिया है. जिस रिवाल्वर से उन्होंने खुद को गोली मारी है, उसे जब्त कर लिया गया है. मोबाइल भी पुलिस के पास है. पता किया जा रहा है कि शनिवार को उन्होंने किस-किस से बात की थी. पुलिस यह भी पता कर रही है कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि उन्होंने खुद को गोली मार ली.



## आस्था के साथ निकला ज्वारा जुलूस

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** रविवार/चैत्र नवरात्रि एवं हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर आज खेरमाई मंदिर, गोरखपुर से परम्परागत ज्वारे जुलूस निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में मात्र शक्ति के साथ ही गणमान्य जन शामिल हुए। समापन पर भंडारे का आयोजन भी किया गया।

## जबलपुर कांग्रेस सेवा दल का मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम संपन्न हुआ



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष श्री लाल जी देसाई जी के निर्देश पर एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवा दल के महासचिव डॉक्टर सत्येंद्र यादव जी तथा मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष श्री योगेश यादव जी के आग्रह पर जबलपुर कांग्रेस सेवादल के द्वारा गढ़द्य मैं मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम क्षेत्र के पार्षद श्री मनीष पटेल जी की अध्यक्षता में संपन्न किया गया इस कार्यक्रम में शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष पंडित सतीश तिवारी ,ब्लॉक अध्यक्ष श्री बलवंत सिंह गुर्जर ,ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार चौबे, महिला कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष एडवोकेट मीनाक्षी स्वामी, कांग्रेस सेवा दल प्रवक्ता जितेंद्र यादव, उमेश पटेल ,राकेश चक्रवर्ती ,रिंकू कुशवाहा ,रीना विश्वकर्मा, विष्णु विनोदिया, अखिलेश शर्मा ,सुनील सारथी, कमल चौधरी ,संजय जैन प्रभु, गणेश पटेल , अजीत सिंह ठाकुर, खूबचंद पटेल ,रमेश तिवारी, अरविंद उपाध्याय ,धर्मेंद्र पटेल, रमेश तिवारी ,प्रज्ञा कर, रामटेक, प्रज्वल कटर ,राजकुमार पटेल, सहित अनेक वरिष्ठ जन एवं क्षेत्र नागरिक उपस्थित थे

# पाटन में दैनिक वेतन भोगी ने फर्जी रसीदें काटकर किया 18 लाख रुपए का घोटाला

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित पाटन नगर परिषद में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी सोमेश गुप्ता ने फर्जी टैक्स रसीदें काटकर लाखों रुपए का गबन किया. नगर परिषद सीएमओ की शिकायत पर पुलिस ने सोमेश के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है. इसके पहले जबलपुर में संपरीक्षा विभाग के सात करोड़ रुपए का घोटाला सामने आया था.

जबलपुर के पाटन नगर परिषद में राजस्व विभाग में कार्यरत सोमेश गुप्ता को टैक्स वसूली व रसीद काटने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी. 2023 में प्रदेश के ई-नगर पालिका पोर्टल में तकनीकी खराबी आ गई. जिससे टैक्स वसूली का काम ऑनलाइन की बजाय ऑफलाइन होने लगा. 2024 में जब सर्वर बहाल हुआ. इसके बाद जब डेटा रिस्टोर किया गया तो यह खुलासा हुआ कि सोमेश ने 2023-24 के दौरान कई फर्जी टैक्स रसीदें काटकर वसूली गई राशि को अपने उपयोग में ले लिया है. इसके बाद जैसे जैसे जांच आगे बढ़ी तो और भी कई खुलासे हुए.

वर्ष 2018-2019 से 2024 तक सोमेश गुप्ता ने करीब 18 लाख रुपए का गबन किया. उसने इस रकम में से 8.60 लाख रुपए अपनी पत्नी के बैंक खाते में ट्रांसफर किए थे. सोमेश गुप्ता बड़े ही शातिर




तरीके से फर्जीवाड़ा कर रहा था. यदि 15 लोग टैक्स जमा करने आते तो वह केवल 10 रसीदों का पैसा सरकारी खाते में जमा करता और 5 रसीदों की रकम स्वयं रख लेता था. सोमेश गुप्ता 2016 से नगर परिषद पाटन में कार्यरत था. उसे उसके बड़े भाई जो भाजपा के पूर्व पार्षद रहे हैं उनकी सिफारिश पर नौकरी मिली थी. वह जलकर, संपत्ति कर, दुकानों के किराए व पानी के टैंकर शुल्क जैसी वसूली की राशि ऑनलाइन जमा करने का काम करता था.

सोमेश का वेतन 13000 रुपए था लेकिन बैंक खातों की जांच में सामने आया कि उसने 5 अलग-अलग बैंक खातों में 63 लाख रुपए का लेनदेन किया है. उसकी सैलरी के हिसाब से उसके खाते में महज 4.5 लाख रुपए होने चाहिए थे लेकिन उसने 12 गुना अधिक रकम जमा कर रखी थी. जब नगर परिषद ने उससे गबन की गई राशि लौटाने को कहा तो उसने भरोसा दिया कि वह जल्द ही पैसे वापस कर देगा. उसने करीब साढ़े तीन लाख रुपए जमा भी किए. इसके बाद फिर राशि लौटाने में आनाकानी करने लगा. इसके बाद परिषद ने पाटन थाना पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई.

**महंगे शौक करता रहा दैनिक वेतन भोगी**

13 हजार रुपए वेतन पाने वाला सोमेश गुप्ता महंगे शौक करता रहा, वह हर दिन काम खत्म होने के बाद दोस्तों के साथ शहर आकर महंगे बार में शराब पीता था. दिसंबर 2024 में नौकरी से निकाले जाने के बाद भी उसकी यह लाइफस्टाइल जारी रही.

**फर्जी हस्ताक्षर कर नामांतरण कराए है-**

जांच में यह भी सामने आया कि सोमेश ने तत्कालीन सीएमओ जयश्री चौहान, सहायक राजस्व निरीक्षक दीपेश बघेल व राजाराम प्यासी के फर्जी हस्ताक्षर कर कई नामांतरण भी कराए थे. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सरकारी राशि के गबन के मामले में सोमेश गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है. वर्तमान में वह फरार हैए और पुलिस उसकी तलाश कर रही है.

## युवक ने फांसी लगाई

**जबलपुर** -- थाना माढ़ोताल में भोलानगर वार्ड नम्बर 29 माढ़ोताल में एक किशोर द्वारा फासी लगाने की सूचना पर पहुँची पुलिस को आर्यन चौधरी उम्र 19 वर्ष निवासी भोलानगर माढ़ोताल ने बताया कि वह बीए द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा है लगभग 5 बजे घर पर घर उसका छोटा भाई अंश उर्फ अंशू चौधरी उम्र 13 वर्ष था वह अपने दोस्त के घर से अपने घर आया घर का दरवाजा खटखटाया लेकिन अंश ने दरवाजा नहीं खोला तो दीवार फंदकर अंदर जाकर कमरे का गेट खोला एवं अंदर जाकर देखा किचिन में उसका छोटा भाई अंश उर्फ अंशू छत पर लगी लोहे की पाईप (बड़ेरी) से चुनरी से फंसी लगाकर लटका था उसने फंदे की गठान खोलकर उतारा एवं मम्मी को बताया, मम्मी ने अंश को अस्पताल ले जाने के लिये बोला वह अपने भाई अंश को


# भाजपा पार्षद ने की आत्मदाह की कोशिश, विद्युत केन्द्र के सामने हंगामा, कहा शिकायत की तो टारगेट कर रहे



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित पाटन विद्युत केन्द्र के सामने उस वक्त अफरातफरी मच गई. जब भाजपा पार्षद सत्यम मेहरा ने स्वयं पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने की कोशिश की. लेकिन मौके पर उपस्थित लोगों ने माचिस छीनकर पुलिस को खबर दी.

पुलिस ने पार्षद द्वारा दी गई शिकायत पर जांच करने का आश्वासन दिया है. बताया गया है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण दो बच्चों की करंट लगने से मौत हो गई थी. इसकी शिकायत उन्होंने कलेक्टरए एसपी व स्थानीय विधायक से की थी. प्रशासन ने पीड़ित परिवारों को 4-4 लाख रुपए मुआवजा देने के निर्देश दिए. इसके बाद भी बिजली विभाग के अधिकारी उन्हें लगातार परेशान कर रहे हैं. पार्षद का कहना है कि आज बिना किसी पूर्व सूचना के उनके घर की बिजली काट दी गई. जानकारी मिलते ही एसडीएम मानवेंद्र सिंह बिजली विभाग के कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई. इसके बाद पार्षद के घर की बिजली दोबारा जोड़ी गई. शाम करीब 4.30 बजे भाजपा पार्षद सत्यम मेहरा मोटरसाइकिल से पाटन विद्युत केंद्र पहुंचे. वहां पहुंचते ही उन्होंने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क लिया. मौके पर मौजूद सहयोगियों ने उन्हें रोक लिया. घटना के बाद बिजली विभाग के कार्यालय में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई.

## मीना बाजार में मुस्लिम विकास परिषद कर रहा व्यवस्थाऐं



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** मुस्लिम धर्मावलंबियों के पवित्र पर्व ईद-उल-फित्र के मौके पर प्रतिवर्षानुसार लगने वाला मीना बाजार मिलोनीगंज से नालबंद मोहल्ला, बोहराबाग, पसियाना, रज़ा चौक होते हुए मोहरिया तक लगाया गया है। मीना बाजार में रात भर भारी जन सैलाब उमड़ रहा है। मुस्लिम विकास परिषद द्वारा मीना बाजार में महिलाओं और बच्चों को हो रही परेशानियों को देखते हुए यातायात, पानी व अन्य व्यवस्था की जा रही हैं। इस अवसर पर परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी, पठान समाज के सरदार हाजी मुईन खान, पत्रकार आरिफ खान, समाजसेवी फैजान कुरैशी, एड. अय्यूब अंसारी, रम्भल विश्वकर्मा, मामूर गुड्डू, एड.रियाज, इस्तियाक अंसारी, इरफान कुरैशी, जावेद मिर्जा, गुलाम साबरी, एड. अकबर उस्मानी, शाहिद कुरैशी, तारिक कुरैशी, अशरफ कुरैशी, लियाकत जावेद, मुज्जफर कुरैशी, साजिद काजी, अहमद रज़ा, इस्लाम अली आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 217 2024-2025 दिनांक 30/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री रविन्द्र विश्वकर्मा, पिता- स्व. श्री रामदयाल विश्वकर्मा** खसरा नं. 279/3/7 का भाग संपत्ति कर/ पिन नं. 10003967255 जलकर पिन नं. ......, पर **पंजीकृत गृहस्वामी** -श्रीमती तृप्ति बैनर्जी, पति- स्व. श्री शेखर बैनर्जी, **वार्ड निर्मलचंद जैन वार्ड** , विक्रय प्लाट रकवा 688 व.फु., **विक्रय पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/274 दिनांक 30.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती कांति ठाकुर, पति- स्व. श्री प्रेमलाल ठाकुर** ने मकान नं. पी- 742 **वार्ड जयप्रकाश नारायण वार्ड,** क्षेत्रफल 495 व.फु., भूतल 495 व.फु., प्रथमतल 495 व.फु., द्वितीयतल 495 व.फु., **विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 470 दिनांक 30.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती मीरा पटेल, पति- श्री कन्हैया लाल पटैल** ने मकान नं. 1/2 सम्पत्ति पिन नं. 1004048399 **वार्ड कमला नेहरू- 19 वार्ड** ,भूतल 269 व.फु., ................................... के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 469 दिनांक 30.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. सुरेश कुमार सोनी, पिता- स्व. श्री रामेश्वर प्रसाद, 2. श्रीमती अनुराधा सोनी, पति- श्री सुरेश कुमार सोनी,** ने मकान नं. 410 सम्पत्ति पिन नं. 1000624860 **वार्ड कमला नेहरू- 19 वार्ड** , क्षेत्रफल 920 व.फु., भूतल 920 व.फु., प्रथमतल 920 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 28.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री धीरज मनवानी, पिता- संतोष मनवानी,** ने भवन/ क्रमांक 1444/1 **वार्ड शीतला माई वार्ड,** , क्षेत्रफल 1190 व.फु., भूतल 900 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1444/1 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 28.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **प्रीति चक्रवर्ती, पिता- लीलाधर** ने भवन/ क्रमांक 481 **वार्ड राधा कृष्ण वार्ड,** , भूतल 625 व.फु., प्रथमतल 625 व.फु., **शपथपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 481 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 28.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री रवि कुमार, पिता- रामकुमार** ने भवन/ क्रमांक 185/1ए **वार्ड राधा कृष्ण वार्ड,** क्षेत्रफल 1200 व.फु., भूतल 625 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 185/1ए पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 28.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री प्रहलाद सिंह, पिता- स्व. श्री गुलाब सिंह गौड़,** ने भवन/ क्रमांक 911/टी **वार्ड राधा कृष्ण वार्ड,** क्षेत्रफल 200 व.फु., भूतल 200 व.फु. खपरैल, **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 911/टी पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 28.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती आशा बाई जैन, पति- अजीत कुमार** ने भवन/ क्रमांक 634 **वार्ड हनुमानताल वार्ड,** भूमि 456 व.फु., भूतल 456 व.फु., प्रथमतल 456 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 634 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 28.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री सुशील खटीक, पिता- स्व. श्री जगन्नाथ, एवं श्रीमती अर्पणा खटीक, पति- श्री सुशील खटीक** ने भवन/ क्रमांक 150 **वार्ड खेरमाई वार्ड,** क्षेत्रफल 1970 व.फु., भूतल 1207 व.फु., प्रथमतल 1207 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 150 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999